## एक नजर

### सड़क किनारे मिला घायल अस्पताल भिजवाया

**कानपुर।** बर्रा क्षेत्र में दामोदर नगर हाईवे किनारे रक्तरंजित अधेड़ का शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस पहुंची तो पता चला कि वह घायल था। पुलिस ने उसे अस्पताल भेजा। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना अफवाह थी। एक घायल अधेड़ पड़ा मिला है। पता चला कि व्यक्ति का नाम छुट्टन है, जो करीब 8 वर्षों से इधर उधर रहकर जीवन व्यतीत करता था। किसी वाहन से टकरा कर घायल होने की आशंका है।

### मां पर हाथ उठाने पर पिता ने डांटा तो दी जान

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में पिता की पिटाई से क्षुब्ध बेटे ने पार्क में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार आए दिन घर में नशे में विवाद करता था जिस पर पिता ने डांट दिया था। बर्रा विश्व बैंक जे ब्लॉक निवासी सेवानिवृत्त प्रतिरक्षाकर्मी राजेन्द्र तिवारी का 33 वर्षीय छोटा बेटा रजनीश तिवारी भाइयों के साथ मिलकर पान मसाला शॉप चलाता था और प्रापर्टी डीलिंग का भी काम करता था। मंगलवार को विवाद होने पर रजनीश ने भाई और मां पर हाथ उठा दिया। इस पर पिता राजेन्द्र ने उसे पीट दिया था। इसके बाद उसने पार्क में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच की।

# तीन जिलों से गुजरने वाली रिंग रोड पर बनेंगे 13 टोल प्लाजा

## पैकेज एक में 3, पैकैज दो में 4, तीन में 4 और चार में 2 टोल प्लाजा प्रस्तावित

एक्सक्लूसिव

अभिनव मिश्र, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर नगर, देहात व उन्नाव के बाहरी इलाकों से होकर गुजरने वाली रिंग रोड पर टोल टैक्स वसूली के लिए 13 टोल प्लाजा बनेंगे। पैकेज-1 में 03, पैकेज-2 में 04, पैकेज-3 में 04 व पैकेज-4 में 02 टोल प्लाजा होंगे। पैकेज-1 में 3 टोल प्लाजा के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को स्वीकृति भी मिल गई है। जबकि अन्य पैकेजों के लिए टोल प्लाजा के स्थानों का चयन कर प्रस्ताव को भेजा गया है। मंत्रालय से अनुमति मिलते ही कार्य का विस्तार किया जाएगा।

93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड को 5 पैकेज में विभाजित किया गया है।पैकेज-1 का निर्माण का तेजी से कराया जा रहा है, जबकि पैकेज-4 में 70 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा कर लिया गया है। 19.235 किमी लंबे पैकेज-3 का टेंडर ऋषिकेश की हिलवेज कंपनी को दिया गया है। पैकेज-2 (ए) व 2 (बी) में जल्द ही टेंडर प्रक्रिया का काम पूरा किया जाएगा।

### एक्सप्रेस वे की तर्ज पर होगी टोल वसूली

- रिंग रोड में जितने किलोमीटर वाहन चलेगा, उतनी दूरी का ही टोल टैक्स चुकाना होगा। इसके लिए रिंग रोड पर प्रवेश व निकास के लिए 13 प्वाइंट बनाए जाएंगे, जो कानपुर नगर, देहात व उन्नाव जिले में होंगे। सभी जगहों पर वाहनों पर लगे फास्ट टैग को स्कैन करने के लिए अत्याधुनिक सेंसर लगाए जाएंगे।



### पैकेज-1 में इन स्थानों पर बनेंगे टोल

पैकेज-1 में तीन स्थानों पर टोल बनाए जाएंगे। एनएच-2 हाईवे पर किसान नगर, शिवली रोड पर पुराशुबारा व पचौर गांव के बार्डर पर व मंधना के महाराजपुर गांव में टोल बनाए जाएंगे।

### इन स्थानों पर प्रस्तावित हैं टोल प्लाजा

**पैकेज 2**
- सीतापुर रायबरेली रोड (ट्रांसगंगा सिटी के पीछे)
- पैगूपुर बांगर गांव
- हिंगूपुर कछार गांव
- पिपरी

**पैकेज 3**
- कडेरपतारी गांव (एनएच 28)
- सहेजनी गांव
- आजाद मार्ग, उन्नाव
- लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर

**पैकेज 4**
- रूमा
- हमीरपुर रोड पर (रिलायंस पेट्रोल पंप के पास)

# मिला ठेकेदार का लहूलुहान शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने लूटने के बाद हत्या का लगाया आरोप
- सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र की घटना, हो रही जांच

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में ठेकेदार का लहूलुहान अर्द्धनग्न शव पड़ा मिला। मकान मालिक की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और हत्या कर लाखों रुपये लूटने का आरोप लगाय। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की।



पवन जाटव।

मूलरूप से आगरा के फतेहपुर सीकरी के थाना फतेहपुर के ग्राम दूरा निवासी 28 वर्षीय पवन जाटव यशोदा नगर सैनिक चौराहे में राम मनोहर यादव के मकान में एक वर्ष से किराए पर रहकर एक सरकारी कंपनी के माध्यम से टाइल्स का काम कराता था। परिवार में पत्नी कुसुमलता और 4 साल की बेटी नंदनी हैं। मृतक के छोटे भाई गौरव ने बताया कि मंगलवार सुबह मकान मालिक ने भाभी कुसुमलता को फोन कर बताया कि पवन की मौत हो गई है। उसने अपने मित्र लखनऊ निवासी कुलदीप किशोर और उसके भाई अमित किशोर को मौके पर भेजा तो उन्होंने बताया कि पवन का शव कमरे में अर्द्धनग्न अवस्था में पड़ा है। शरीर में पैर से लेकर पेट और सिर, नाक और कान से खून निकल रहा था। इसके बाद कुलदीप किशोर ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी।



घटना की जानकारी देते ठेकेदार के परिजन। अमृत विचार

बुधवार सुबह कंपनी के सुपरवाइजर का फोन आया और पवन के बारे में जानकारी की। उन्होंने लाखों का पेमेंट ले जाने की बात बताई। छोटे भाई गौरव, साले बंटी ने आरोप लगाया कि पवन से कमरा खाली करने के लिए मकान मालिक का उससे कई बार विवाद हो चुका था। परिजनों का आरोप था कि हो सकता है कि मकान मालिक ने लूटने के बाद घटना को अंजाम दिया है। आरोप था कि जिस कमरे में उसका अर्द्धनग्न शव मिला वहां पर पोछा लगाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता के घर से नकदी और जेवर पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव थानाक्षेत्र के गीता नगर इलाके में हुई घटना

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में चोरों ने एक अधिवक्ता के घर से साढ़े तीन लाख की नकदी समेत करीब साढ़े पांच लाख के जेवरात पार कर दिए।

चोरों ने पीड़ित परिवार के कमरे में बाहर से कुंडी बंद कर दी थी। सुबह पीड़ित ने रिश्तेदारों को बुला कर दरवाजा खुलवाया और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गीता नगर निवासी राजेश कुमार श्रीवास्तव सेल टैक्स में अधिवक्ता हैं। उनके अनुसार सोमवार रात को पत्नी सुमन के साथ कमरे में सो रहे थे। मंगलवार तड़के चोर उनके घर पर छत के रास्ते अंदर घुस आए और उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। चोर दूसरे कमरे में रखी अलमारी से साढ़े तीन लाख की नगदी समेत गले का हार, चार अंगूठी, कान के दो जोड़ी कुंडल समेत करीब साढ़े पांच लाख के जेवरात चोरी कर ले गये। सुबह दरवाजा बाहर से बंद होने पर उन्होंने फोन कर रिश्तेदारों को बुलाकर दरवाजा खुलवाया। इस संबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक केपी गौड़ ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

# कपड़ा फैक्ट्री समेत चार स्थानों पर लगी आग



बिरहाना रोड में चाय के होटल में लगी आग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मंगलवार देर रात से बुधवार देर शाम तक आग की कई घटनाएं हुईं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग से लाखों का नुकसान हुआ है।

पनकी थानाक्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया साइट नंबर-1 के पास स्थित एमएमसी ट्रेड नाम की कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि दमकल की छह गाड़ियां भेजी गईं जिन्होंने आग पर काबू पाया। कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं सीसामऊ थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात करीब 1 बजे पीरोड गांधी नगर में बिजली के तारों में आग लग गई। दमकल ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान करीब ढाई घंटे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। बिल्हौर थानाक्षेत्र के नेवादा टोल प्लाजा के पास नर्सरी में आग लग गई। बिरहाना रोड दवा मार्केट में चाय के होटल में आग लगी। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि महाराजपुर के सुभौली गांव निवासी दीपू पांडे के होटल में शाम 6 बजे सिलेंडर में आग लग गई। दमकल पहुंची लेकिन वाहनों के खड़े होने के चलते गाड़ी अंदर नहीं जा पाई। फायर कर्मियों ने फायर एक्स्टिंग्विशर से आग बुझाई। कोई जनहानि नहीं है।



आग बुझाता दमकल कर्मी। अमृत विचार

# बिना चीरा लगाए अंदरूनी ब्लीडिंग रोकी जा सकेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क हादसे या अन्य किसी वजह से शरीर में होने वाली अंदरुनी ब्लीडिंग को अब बिना चीरा लगाए ही रोका जा सकेगा। इसके लिए जीएसवीएसएस पीजीआई में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग शुरू किया जाएगा। विभाग के विशेषज्ञ शरीर के अंदर सिर्फ एक निडिल डालकर संबंधित अंग या नस में होने वाली ब्लीडिंग को बंद करेंगे। ऐसे में संबंधित व्यक्ति की जान बचाना और आसान हो जाएगा।

अभी सर्जरी के माध्यम से ब्लीडिंग बंद करने की प्रक्रिया की जाती है। मरीज के शरीर में लंबा चीरा लगाना पड़ता है। अब जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने दिल्ली एम्स के ट्रामा सेंटर के मॉडल की स्टडी करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी है। तय हुआ कि न्यूनतम इनवेंसिव सर्जरी के मद्देनजर जीएसवीएसएस पीजीआई में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग खोला जाएगा। इसकी तैयारी पीजीआई में शुरू कर दी गई। इस विभाग में सड़क हादसे में घायल लोगों के साथ ही लिवर, पित्त की थैली की रुकावट और शरीर के अंदरूनी हिस्से में गांठों का इलाज करना भी आसान होगा। मरीजों को अस्पताल में कई दिनों तक रुकना भी नहीं पड़ेगा और न ही उनको खून चढ़ाने की जरूरत होगी। शरीर में लंबा चीरा भी नहीं लगेगा।

### नसों की हो सकेगी मरम्मत

- प्राचार्य प्रो .संजय काला ने बताया कि इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग के माध्यम से बॉडी के अंदर महज निडिल डालकर ब्लीडिंग को बंद किया जा सकेगा। सबसे अधिक दिक्कत नसों के ब्लॉकेज खोलने में आती है, जिसे अभी चीरा लगाकर खोला जाता है। अब निडिल डालकर आसानी से खोला जा सकेगा।

# सेंट्रल स्टेशन से नयागंज तक मेट्रो की दोनों टनल का निर्माण पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत लगभग 4.24 किमी. लंबे कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन की दूसरी टनल का निर्माण बुधवार को पूरा कर लिया गया। विद्यार्थी टीबीएम मशीन सुबह कानपुर सेंट्रल से नयागंज तक डाउन लाइन पर लगभग 1250 मीटर लंबे टनल का निर्माण करते हुए पहुंची और ब्रेकथ्रू हासिल किया। मेट्रो ने बृजेंद्र स्वरूप पार्क के पास रैंप एरिया से आगे बढ़ते हुए भूमिगत टनल्स के माध्यम से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक अपनी राह बना ली है। जल्द ही कानपुर सेंट्रल से नयागंज तक 1250 मीटर लंबे इन दोनों टनल्स में ट्रैक निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा।



विद्यार्थी टीबीएम ने नयागंज पहुंचकर ब्रेकथ्रू हासिल किया। अमृत विचार

विद्यार्थी टीबीएम मशीन को दिसंबर 2023 में कानपुर सेंट्रल स्थित लॉन्चिंग शाफ्ट से लॉन्च किया गया था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे नयागंज स्थित रिट्रीवल शाफ्ट में पहुंचने पर परियोजना से जुड़े सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उसका स्वागत किया। प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि कानपुर सेंट्रल से नयागंज तक टनल निर्माण के बाद अब स्वदेशी कॉटन मिल श्याम पैलेस सिनेमा से कानपुर सेंट्रल तक टनल निर्माण का कार्य किया जाएगा।

# अभी रहेगी उमस भरी गर्मी और सताएगी लू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हीट वेव से तप रहा शहर पारा 43 के पार
- न्यूनतम तापमान भी रहा सामान्य से अधिक

**अमृत विचार।** हाई क्लाउड्स के बावजूद सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों से शहर गर्म है। बुधवार को कानपुर नगर में पारा सामान्य से 2.4 डिग्री ऊपर चढ़कर 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

एक ओर लू के थपेड़ों से राहगीर परेशान हैं वहीं बदली के बाद भी सूरज की तपिश लोगों को सता रही थी। चटक धूप के चलते सुबह 11 बजे ही तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। दो घंटे के भीतर ही दोपहर 1 बजे पारा 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। लू के थपेड़े औसतन 6.4 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले। यह जानकारी देते हुए सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री ज्यादा 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। उन्होंने बताया कि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक है जिससे रात में भी उमस भरी गर्मी परेशान करती है। कभी पश्चिमी विछोभ एवं बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आर्द्र हवाओं के आने से भी रिलेटिव ह्यूमिडिटी भी बढ़ गई। आगामी 10 जून तक बदली रहेगी लेकिन तापमान सामान्य से अधिक ही रहेगा। डा. पांडेय ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान कानपुर मण्डल सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में उमस भरी गर्मी बने रहने की संभावना है।

# ट्रेन में युवक की बिगड़ी हालत, मौत

**कानपुर।** सीतापुर एक्सप्रेस से मुंबई से घर लौट रहे युवक की ट्रेन में भीषण गर्मी के चलते हालत बिगड़ गई। जब तक ट्रेन सेंट्रल स्टेशन पहुंचती युवक ने दम तोड़ दिया। हीटस्ट्रोक से मौत की आशंका है।

जिला रायबरेली के थाना लालगंज के सरैला मीढापुर निवासी 36 वर्षीय विनोद मुंबई में मिठाई का काम करता था। परिजनों ने बताया कि वह सीतापुर एक्सप्रेस से घर लौट रहा था।

परिजनों ने बताया कि उसे हल्का बुखार था। ट्रेन में भारी भीड़ और गर्मी से उसकी हालत बिगड़ गई तो पत्नी नीलम को फोन करके बताया। ट्रेन के कानपुर रेलवे स्टेशन पहुंचते ही युवक ने दम तोड़ दिया। जीआरपी ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी।

कवायद तेज | विजय नगर के आगे ब्लॉक बनाकर काम शुरू, ग्रीनबेल्ट की एनओसी मिलने का इंतजार, बर्रा-8 में पुल के ऊपर से निकलेगी मेट्रो

# कॉरिडोर-2 के एलिवेटेड सेक्शन में मिट्टी का परीक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो कॉरिडोर-2 के एलिवेटेड सेक्शन के निर्माण के लिये मिट्टी परीक्षण व यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए प्रारंभिक कार्य शुरू हो गया है। विजय नगर के आगे दादा नगर पुल के दोनों ओर ब्लॉक बनाकर मेट्रो मिट्टी का परीक्षण हो रहा है। बर्रा- 8 बाईपास के उस ओर भी जल्द टेस्टिंग शुरू होगी। जिसके बाद एलिवेटेड सेक्शन में पिलर का निर्माण शुरू होगा। नगर निगम से ग्रीनबेल्ट में पेड़ों की कटाई-छंटाई और फुटपाथ पर कार्य की एनओसी के लिये भी बातचीत अंतिम चरण में है।

कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा 8) के एलिवेटेड सेक्शन और डिपो के निर्माण के लिए टेंडर अवार्ड किये जा चुके हैं। कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन के लिए सीगल इंडिया लिमिटेड को 427.11 करोड़ रुपये का टेंडर अवॉर्ड किया गया है। कानपुर मेट्रो के लगभग 8.38 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए-बर्रा-8) के एलिवेटेड सेक्शन की लंबाई लगभग 4.3 किमी है।

उप महाप्रबंधक (जनसंपर्क विभाग) पंचानन मिश्रा ने बताया कि एलिवेटेड सेक्शन में कुल 5 स्टेशन कृषि विश्वविद्यालय, विजय नगर चौराहा, शास्त्री चौक, बर्रा -7 और बर्रा -8 हैं। यह दो हिस्सों में पहले उत्तरी छोर पर कृषि विश्वविद्यालय स्टेशन से कॉरिडोर 2 डिपो के रैंप तक और दक्षिणी छोर पर डबल पुलिया रैंप से बर्रा -8 तक फैला होगा। प्री प्लानिंग स्टेज पर कंपनी ने चयनित स्टेशन स्थल पर ट्रेंचिंग का काम भी शुरू किया गया है। चौराहे के पास 2.5 मीटर खोदाई कर समस्याएं देखी जा रही हैं। इसके बाद यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए ड्राइंग बनाई जाएगी। दूसरे चरण में मेट्रो के पिलर कहां-कहां लगने हैं यह चयनित हो चुका है।



दादा नगर पुल के पहले मिट्टी परीक्षण शुरू किया गया है।

**2500** करोड़ बनेगा दूसरा कॉरिडोर

**08** मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे

**05** एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे

**4.3** किमी एलिवेटेड सेक्शन की लंबाई

**03** भूमिगत स्टेशन भी बनाए जाने हैं

### रावतपुर स्टेशन से जुड़ेगा एलिवेटेड सेक्शन

भूमिगत में तीन मेट्रो स्टेशनों रावतपुर, काकादेव और डबल पुलिया का निर्माण होना है। रावतपुर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर को जोड़ने वाला अहम स्टेशन होगा। कॉरिडोर-2 के अंतर्गत निर्माणाधीन रावतपुर अंडरग्राउंड स्टेशन को एलिवेटेड स्टेशन से जोड़ा जाएगा। मेट्रो यात्री पहले से दूसरे या दूसरे से पहले कॉरिडोर के स्टेशनों तक जाने के लिए इसी स्टेशन से ट्रेन बदलेंगे।

### पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अधिकतर कार्य

मेट्रो के परियोजना प्रबंधक के अनुसार (सीएसए से बर्रा आठ) तक प्रस्तावित मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर का कार्य लोक निर्माण विभाग की जमीन पर होने है। इसको लेकर नगर निगम ने पहले ही बैठक कर मौखिक रूप से कह दिया है कि उनकी जमीन पर मेट्रो को खोदाई नहीं करनी है इसलिए उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन मेट्रो कार्य में आगे कोई रोढ़ा नहीं चाहता इसलिये लिखित में नगर निगम से मांगा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 /** 9554377000

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMAD RASHID RAZA KHAN पुत्र MOHD RAZA KHAN **निवासी– 1/14/14 हौसिला नगर सिविल लाइन अयोध्या** का रहने वाला हूँ अब मैंने अपना नाम बदल के MOHD RAZA KHAN रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसूचित करना है कि मेरे फ्लैट Excella Kutumb, C2– 101, Sultanpur Road, Lucknow दिनांकित–20.02.2018 का मूल अलाटमेंट खो गया है. **–विभूति शर्मा पत्नी आलोक शर्मा, ई–98, कूर्मांचल नगर, लखनऊ.**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 4143052 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। **–सूरज तिवारी पुत्र श्री अरुण कुमार तिवारी छेदीपुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हूं यही मेरा सही नाम है। **–जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सदाशिव पुत्र तुलसीराम, निवासी–ग्राम– अटकोहना, थाना–शारदानगर, लखीमपुर जिला खीरी,** मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमश: 01–सुनील कुमार 02–सतीश कुमार 03–प्रशांन्त कुमार 04 शिवांन्त कुमार पुत्रगण सदाशिव है। जिसमें मेरा मझला पुत्र सतीश कुमार व पुष्पा पत्नी सतीश कुमार, परिवार तथा सामाजिक कार्यो से विपरीत कार्य करते हैं तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है। वह दोनों उसके परिवार के साथ आये दिन मार पीट करते है तथा काफी नुकसान करते है भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शोभनाथ त्रिवेदी पुत्र स्व0 बल्देव त्रिवेदी व श्रीमती रेखा पत्नी श्री शोभनाथ त्रिवेदी, निवासी–ग्राम गोविन्दपुर, थाना– सरेनी तहसील –लालगंज, जिला–रायबरेली,** मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमश: 01–कुलदीप कुमार, प्रशान्त कुमार व पवन कुमार त्रिवेदी सभी बच्चे सामाजिक व शान्ति प्रिय है जो अपने माता पिता का कहना मानत है और सम्मान करते है। चौथे पुत्र श्रवण कुमार का चाल चलन ठीक नही है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **गुड्डा उर्फ सरोज कुमारी पत्नी स्व गयादीन है। मैं ग्राम कडरिया,पोस्ट खेखरुवा जनपद रायबरेली** की रहने वाली हूं, उक्त दोनों नाम मेरे ही है। मुझे दोनो नामों से जाना पहचाना जाता है। मेरे पति ने LIC में बीमा करवाया था जिसमें मेरा नाम सरोज कुमारी अंकित है। जब कि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम गुड्डा दर्ज है

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुरेश गुप्ता पुत्र शिवप्रसाद गुप्ता, निवासी–खानपुर, सरेनी, रायबरेली,** सार्वजनिक सूचित करता हूँ कि मेरे आवास विकास वृन्दावन लखनऊ स्थिति प्लाट संख्या 8A/115 की मूल रजिस्ट्री प्रपत्र, आलटमेंट लेटर एवं पाजेशन लेटर वास्तव में खो गये है। मो– 07318236698

**सूचना**

सूचित हो कि मैं शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) पुत्र कलीमुद्दीन, निवासी– 100 उत्तरटोला पानी टंकी के पास बंकी पर0 व तह0 नवाबगंज, जिला– बाराबंकी, मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका लाइसेन्स नं0–UP41 20040027455 मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) लिखा हुआ है तथा आधार कार्ड में शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) लिखा हुआ है मेरा सही नाम शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) है जो सही व सत्य नाम है। अत: मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स पर मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) के स्थान पर शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) अंकित किया जाय।

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

| | |
|---|---|
| 43.4⁰ अधिकतम तापमान | 30.6⁰ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 00 |

## एक नजर

### कानपुर-अकबरपुर में 16 प्रत्याशियों की जमानत जब्त

**कानपुर।** कानपुर और अकबरपुर संसदीय सीट पर विजेता और रनरअप को छोड़कर 16 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। दोनों ही सीटों पर बसपा के प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा पाए। कानपुर लोकसभा सीट पर कुल 11 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 9 की जमानत जब्त हो गई। वहीं, अकबरपुर लोकसभा सीट पर कुल 9 प्रत्याशियों में से 7 की जमानत जब्त हो गई। कानपुर में प्रत्याशी को जमानत बचाने के लिए 1,47,013 वोटों की जरूरत थी। वहीं अकबरपुर में प्रत्याशी को 1,79,997 वोट चाहिए थे।

### एक हफ्ते में देना होगा खर्च का हिसाब

**कानपुर।** कानपुर और अकबरपुर संसदीय सीट से मैदान में उतरे उम्मीदवारों को खर्च का हिसाब एक हफ्ते में देना होगा। उन्हें यह बताना होगा कि जनसभा, रैली, वाहन जुलूस और रोड शो के दौरान उन्होंने किस मद में कितने रुपये खर्च किए। चुनाव अभियान के पूरे खर्च का विवरण निर्धारित प्रोफार्मा पर न देने वाले उम्मीदवारों पर निर्वाचन आयोग कार्रवाई भी करेगा। जिन्होंने अभी हिसाब नहीं दिया है उन्हें आयोग की ओर से नोटिस दी जाएगी।

योजनाओं का लाभ लेने वाले मुस्लिम मतदाता भी साथ नहीं आए

# मुस्लिमों ने भाजपा को नकार दिया बूथों पर इक्का-दुक्का ही वोट मिले

शिव प्रकाश मिश्र, कानपुर


मुस्लिम महिलाओं ने खूब वोट डाला था। (फाइल फोटो)।

**02** मुस्लिम बूथों पर एक भी वोट नहीं मिला, बाकी जगह भी 2,4 वोट मिले

- पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की सारी कवायद भी धरी रह गई

**57** बूथों पर इकाई का आंकड़ा भी पार न सकी भाजपा, सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाने के बाद भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि इस फैसले से मुस्लिम महिलाएं उसके पक्ष में मतदान करेंगी। साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले मुस्लिम मतदाता भी उसके साथ आएंगे पर ऐसा नहीं हुआ। पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने के लिए की गई सारी कवायद भी फेल नजर आई। ये बात बूथ वार भाजपा को मिले मत से साबित हो रही है। खांटी मुस्लिम बूथों पर नजर डालें तो उनमें से 2 ऐसे हैं जहां पार्टी को एक भी वोट नहीं मिला। कई ऐसे बूथ थे जहां 10 वोट भी भाजपा को नहीं मिले।

**48 बूथों पर 10 से कम वोट मिले:** आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र में बूथवार मिले मतों पर नजर डालें तो भाजपा की हालत बेहद खराब रही। यहां के मुस्लिम बाहुल्य वाले 48 बूथों पर भाजपा के रमेश अवस्थी को 10 से भी कम वोट मिले। कहीं 2 तो कहीं 3, 4 वोट ही भाजपा के हिस्से में आए। इसी तरह 41 बूथों पर भाजपा दहाई के आंकड़े से बाहर नहीं जा सकी। कुछ ऐसे भी बूथ रहे जहां पार्टी को सिर्फ 1 वोट मिला। बूथ संख्या 138 पर कांग्रेस को 576, 187 पर 589, 194 पर 391, 208 पर 483 वोट मिले। ये वही बूथ हैं जहां भाजपा को सिर्फ एजेंटों का ही वोट मिला। आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथों से कांग्रेस को 11339 मतों की लीड मिली है। यहां कांग्रेस के आलोक मिश्रा को 78878 और भाजपा के रमेश अवस्थी को 67539 वोट मिले।

**किदवईनगर ने अवस्थी को दिया सहारा :** किदवईनगर विधानसभा क्षेत्र में गिने- चुने बूथ ही रहे जहां भाजपा को दहाई से ऊपर वोट न मिला हो। 35, 36, 37 व 334 नंबर बूथ ही ऐसा रहा, जहां भाजपा ने दहाई का आंकड़ा नहीं पार किया। इसके अलावा सभी बूथों पर जबरदस्त वोट बरसे। एक से लेकर 29 नंबर बूथ तक अच्छे मत मिले। 262 नंबर बूथ के बाद आखिरी बूथ नंबर तक भाजपा ने कांग्रेस को टिकने नहीं दिया। हर बूथ पर तीन अंकों में वोट मिले। अकेले किदवईनगर में कांग्रेस को पनपने का मौका नहीं मिला। यहां आलोक मिश्रा को 66680 और रमेश अवस्थी को 128302 वोट मिले। पांचों विधानसभा की तुलना में यहां भाजपा ने सबसे अधिक 61622 मतों से लीड हासिल की जो जीत का आधार बनी।

### सीसामऊ के 2 बूथों पर भाजपा का खाता नहीं खुला

- सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के दो बूथों पर भाजपा का खाता ही नहीं खुला। यहां 57 बूथों पर भाजपा इकाई और 27 बूथों पर दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर सकी। बूथ संख्या 58 पर कांग्रेस को 624, जबकि भाजपा को एक वोट मिला। बूथ 65 पर भाजपा को एक, कांग्रेस को 574, बूथ नंबर 89 पर कांग्रेस को 722, 100 पर 452 वोट मिले और भाजपा के खाते में एक-एक मत ही आए। बूथ संख्या 87 पर कांग्रेस को 442, 98 पर 425 मत मिले। वहीं इन दोनों बूथों पर भाजपा के खाते में शून्य वोट आए। सीसामऊ में कांग्रेस को 87323 और भाजपा को 60848 वोट मिले। यहां कांग्रेस ने 26475 वोट से लीड किया।

### 30 बूथों पर 10 से भी कम वोट मिले

- कैंट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा लगातार मुश्किल में रही है। 2017 और 2022 में इस सीट को हारने वाली भाजपा को लोकसभा चुनाव में भी बड़ा झटका लगा। यहां से भाजपा के रमेश अवस्थी को 30 बूथों पर 10 से भी कम वोट मिले। कुल 76 बूथों पर दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं किया। बूथ संख्या 88 से 113 तक स्थिति ठीक रही। इसके बाद 211 से 233 तक अच्छे मत भाजपा के पक्ष में आए। 165 से 175 के बूथों को भी भाजपा के लिए अनुकूल कह सकते हैं। लेकिन 262 से 290 बूथ पर पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बूथ संख्या 287 से 290 तक हालत यह रही कि एक-दो या तीन मत ही मिले। आलोक मिश्रा को इस विधानसभा क्षेत्र में 115028 मत तो भाजपा के रमेश अवस्थी को 71520 वोट मिले। इस तरह भाजपा इस क्षेत्र में 43508 वोटों से पिछड़ी।

### गोविंदनगर के मतदाताओं ने रमेश को संभाला

- गोविंदनगर विधानसभा में भाजपा को इकाई के रूप में वोट कहीं नहीं मिले। ऐसे कई बूथ रहे जहां दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर सकी। बूथ नंबर एक से 50 तक हालत बेहतर रही। 146 नंबर बूथ के बाद भाजपा की हालत गड़बड़ाई, लेकिन 175 से लेकर बूथ संख्या 348 तक भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हर बूथ पर जमकर वोट बरसे। इन बूथों पर कांग्रेस को निराशा हाथ लगी। विधानसभा क्षेत्र के बूथों पर आलोक मिश्रा को 71560 और अवस्थी को 112400 वोट मिले। यहां से भाजपा को 40840 वोटों की जबरदस्त लीड मिली, जो जीत में अहम रही।

# शेयर बाजार ने कराई 6,500 करोड़ रुपये की रिकवरी

कार्यालय संवाददाता




- चुनाव नतीजों के बाद मचा था हाहाकार, अब पकड़ी रफ्तार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद मंगलवार को शेयर बाजार में हाहाकार मच गया था। इसके चलते शहर के निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन 5 जून को बाजार ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली। शानदार बढ़ोतरी से कानपुर के निवेशकों की संपत्ति में करीब 6,500 करोड़ रुपये की रिकवरी हो गई।

बाजार में आम धारणा रही कि एनडीए की ही सरकार बनेगी, इसलिए पुरानी सफल पॉलिसी जारी रहने की उम्मीद है। आगे चलकर कुछ लोकलुभावन फैसले जरूर हो सकते हैं। मोदी सरकार तीसरी बार आने से अगले 5 साल में रिफार्म की रफ़्तार धीमी होने के कम आसार हैं। नई सरकार से पॉलिसी में बड़े बदलाव की आशंका नहीं है, छोटे बदलाव संभव हैं। सेंसेक्स मंगलवार को 2300 अंक से ज्यादा उछला, वहीं निफ्टी भी 3% से अधिक की तेजी के साथ 22,600 के ऊपर पहुंच गया। बीएसई के मिडकैप इंडेक्स 4.41 प्रतिशत उछला वहीं स्मॉलकैप 2.93 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। अंत में सेंसेक्स 2,303.19 अंक की तेजी के साथ 74,382.24 अंक पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 735.85 उछलकर 22,620.35 के स्तर पर बंद हुआ।

**बजट में कैपिटल गेन टैक्स बढ़ा तो बाजार पर खराब असर होगा:** अगले महीने नई सरकार सम्पूर्ण बजट पेश करेगी। इसमें अगर कैपिटल गेंस टैक्स में बढ़ोतरी होती है तो बाजार के स्थिरता और निवेशकों के शेयर बाजार के प्रति विश्वास पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अभी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेंस (दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ) पर टैक्स 10 प्रतिशत है, जबकि शॉर्ट टर्म कैपिटल गेंस (अल्पावधि पूंजीगत लाभ) पर टैक्स 15 प्रतिशत का टैक्स लगता है।

### सही शेयर का चुनाव करें और लंबे समय तक टिके रहें

- आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही मजबूत स्थिति में है। गिरावट पर अच्छी ग्रोथ पोटेंशियल (विकास क्षमता) वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करना चाहिए वो भी एक बार के बजाय टुकड़ों में करें। सही शेयर का चुनाव करने के साथ ही उसमें लंबे समय तक टिके रहना भी जरूरी है। म्यूच्यूअल फण्ड एसआईपी (सिप) के जरिये निवेश अच्छा विकल्प साबित हो सकता है।



# बसपा को अब तक के सबसे कम वोट

विकास कुमार, कानपुर


राजेश द्विवेदी।

- कानपुर के प्रत्याशी को केवल 12, 032 मत मिले
- अकबरपुर लोकसभा सीट पर भी हुई करारी हार

**अमृत विचार।** प्रदेश की सत्ता पर कई बार काबिज रहने वाली बहुजन समाज पार्टी कानपुर नगर और अकबरपुर लोकसभा सीट पर हाशिये पर पहुंच गई है। लगातार पार्टी का वोट बैंक भी कम होता जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा का प्रदर्शन महज वोट काटने का ही रहा। कानपुर के बसपा प्रत्याशी को अब तक के सबसे कम वोट (12, 032) मिले हैं। कई बूथों पर तो बसपा शून्य पर रही।

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती की पहली बार सरकार तीन जून 1995 को बनी, जिसका कार्यकाल अक्टूबर 1995 तक रहा। इसके बाद बसपा सुप्रीमो ने 21 मार्च 1997 से 20 सितंबर 1997 तक और तीन मई 2002 से 26 अगस्त 2003 तक राज किया। फिर 13 मई 2007 से छह मार्च 2012 तक प्रदेश में मायावती का शासन चला, लेकिन इसी बीच हुए लोकसभा चुनाव में कानपुर नगर सीट से बसपा का खाता तक नहीं खुल सका है। वर्ष 1998 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशी रहे पवन गुप्ता को 49 हजार 474 वोट मिले थे। वर्ष 2014 में जब बसपा ने सलीम अहमद को मौका दिया तो उन्होंने पवन गुप्ता का रिकार्ड तोड़ते हुए सर्वाधिक 53 हजार 218 वोट हासिल किए थे। वर्ष 2019 को सपा और बसपा के बीच गठबंधन था। वर्ष 2024 में मायावती ने कानपुर से कुलदीप भदौरिया को टिकट दिया पर उनको 1998 से लेकर वर्ष 2014 में जितने भी प्रत्याशी रहे, सबसे कम वोट ही प्राप्त हुए। कुलदीप भदौरिया मात्र 12 हजार 32 वोट ही जुटा सके। कई बूथों पर शून्य का सामना करना पड़ा। इससे साफ जाहिर है कि पार्टी का वोट बैंक खिसकता जा रहा है। इस बार तो पार्टी की लुटिया ही डूब गई।

### कानपुर लोकसभा सीट पर मिले मत

| वर्ष | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| 1998 | पवन गुप्ता | 49,474 |
| 1999 | मान सिंह बग्गा | 26,376 |
| 2004 | अनुभव चक | 27,962 |
| 2009 | सुखदा मिश्रा | 48,374 |
| 2014 | सलीम अहमद | 53,218 |
| 2019 | बसपा-सपा गठबंधन | 48,275 |
| 2024 | कुलदीप भदौरिया | 12, 032 |

### अकबरपुर लोकसभा में मिले वोट

| वर्ष | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| 2009 | अनिल शुक्ला वारसी | 1,60,506 |
| 2014 | अनिल शुक्ला वारसी | 2,02,587 |
| 2019 | निशा सचान | 3,06,140 |
| 2024 | राजेश द्विवेदी | 73,140 |

### अकबरपुर से राजेश द्विवेदी को 73 हजार वोट मिले

- अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी राजेश द्विवेदी भी चुनाव में कुछ कमाल नहीं दिखा पाए। उनको मात्र 73 हजार 140 वोट ही मिले। जबकि घाटमपुर क्षेत्र में तो मायावती ने जनसभा को संबोधित कर दोनों प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की थी। वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में यहां बसपा प्रत्याशी अनिल शुक्ला वारसी को एक लाख 60 हजार 506 वोट मिले थे। 2014 में उनको दो लाख दो हजार 5087 वोट हासिल हुए थे। 2019 में निशा सचान तीन लाख छह हजार 140 वोट जुटाने में कामयाब हुईं थी, लेकिन जीत नहीं सकी थीं।



भोले के समर्थकों ने जीत के जश्न में मिठाई बांटी। अमृत विचार

## भोले के समर्थकों ने जश्न मनाया

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले की जीत पर भाजपाइयों ने छपेड़ा पुलिया लोकसभा कार्यालय पर पटाखे फोड़कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। सांसद पुत्र विकास सिंह भोले ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा यह जीत राष्ट्रभक्तों, राम भक्तों, अकबरपुर लोकसभा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, दिनेश राय, एडवोकेट मनोज सिंह, अशोक सिंह दद्दा, शीलू पांडे, विकास मिश्रा, उमेश निगम, सत्येंद्र सिंह, बालेंद्र चंदेल, पप्पू दीक्षित, नीरज राजावत, देबू चौहान, जनक सिंह, रामू चौबे, संतोष कुमार शुक्ल, हर्ष, साहिल साथ रहे।

### विकास में तेजी लाने का आश्वासन

**कानपुर।** सांसद देवेंद्र सिंह भोले और रमेश अवस्थी ने अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं और उद्यमियों से मुलाकात की। सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कार्यकर्ताओं से कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जो भी जरूरी कदम हैं उठाए जाएंगे। उन्होंने एलिवेटेड रेलवे ट्रैक की स्थापना के लिए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से भी मुलाकात करने के संकेत दिए। कानपुर- हमीरपुर समानांतर हाईवे की मंजूरी और घाटमपुर व पनकी पावर प्लांट में जल्द उत्पादन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से मुलाकात करने की बात कार्यकर्ताओं से कहीं। उनसे पार्टी के विधायक सुरेंद्र मैथानी, एमएलसी अरुण पाठक ने भी मुलाकात की। सांसद रमेश अवस्थी से महापौर प्रमिला पांडेय समेत कई जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात की और जीत की बधाई दी।

# बैठे रहे मोदी के सहारे, 10 में से 6 सीटें हारे, पदाधिकारियों के चेहरे उतरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में भाजपा ने इटावा, कन्नौज, हमीरपुर, बांदा, जालौन, फतेहपुर की सीटें गवाईं
- दो मंत्री भी नहीं बचा पाए अपनी सीट, दो प्रत्याशी तीसरी बार सीट बचाने में रहे कामयाब

**अमृत विचार।** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। क्षेत्र की 10 सीटों में 60 फीसदी सीटें भाजपा इस बार चुनाव में हार गई। क्षेत्र की 10 में से छह सीटों में हार मिलने से क्षेत्र पदाधिकारियों के चेहरे का रंग उड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ कई बड़े चेहरों ने यहां चुनाव प्रचार में दमखम लगाया पर सरकार में दो मंत्री भानु प्रताप वर्मा और साध्वी निरंजन ज्योति अपनी सीट नहीं बचा सके। सभी पुराने चेहरों को भी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत और अकबरपुर संसदीय सीट से देवेंद्र सिंह भोले तीसरी बार जीतने में कामयाब हो सके। वहीं, झांसी से अनुराग शर्मा दूसरी बार और कानपुर नगर से रमेश अवस्थी पहली बार चुनाव जीते हैं।

भाजपा ने 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी दसों सीटों पर जीत का परचम लहराया था। लेकिन, इस चुनाव में इटावा, कन्नौज, हमीरपुर, बांदा, जालौन, फतेहपुर संसदीय सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। कानपुर नगर, अकबरपुर के साथ झांसी और फर्रुखाबाद सीट ही भाजपा फिर से जीत सकी है। इस बड़ी हार के बाद कहां कमी रह गई इसपर भी मंथन शुरू हो गया है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि हमने हर सीट पर मेहनत की, लेकिन जो परिणाम आये हैं उसका मतलब साफ है कि विपक्ष ने जनता को अपने झूठे भाषणों से गुमराह किया। संविधान और आरक्षण खत्म करने के मुद्दे पर जो अफवाह विपक्ष ने फैलाई उसपर हम लोग कहीं न कहीं सफाई देने में फेल रहे। हर सीट पर हार का मंथन किया जा रहा है। रिपोर्ट केंद्र को भेजी जायेगी।

**सपा ने 5 वर्ष बाद फिर चखा जीत का स्वाद:** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की वीआईपी सीट कन्नौज पर अखिलेश ने जीत का परचम लहराया है। सपा ने यहां 5 साल बाद फिर से जीत दर्ज की है। वहीं, जालौन में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा तो फतेहपुर में साध्वी निरंजन ज्योति की हार से उनकी हैट्रिक की हसरत अधूरी रह गई। भाजपा के लिए राहत की बात यह रही कि उसके तीन पूर्व सांसद और एक नये प्रत्याशी अपनी साख बचाने में कामयाब रहे।

### इटावा, बांदा, हमीरपुर भी भाजपा हारी

- इटावा में सपा के जितेंद्र दोहरे ने भाजपा के प्रो. रामशंकर कठेरिया को हरा दिया। वहीं, बांदा में भाजपा के आरके पटेल को सपा के कृष्णा पटेल के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। हमीरपुर में भी कांटे की टक्कर में पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को सपा के अजेंद्र सिंह के हाथों हार का सामना करना पड़ा। हमीरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की मांग के बाद यहां बीस बूथों की मतगणना दोबारा करानी पड़ी। जिसके बाद भी सपा की जीत निकली। वहीं, फतेहपुर सीट से लगातार दो बार से चुनाव जीत रहीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के सामने सपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने तगड़ी चुनौती देते हुए उन्हें हरा दिया।

**विश्लेषण** तीन विधानसभा क्षेत्रों में उनके अपनों ने ही दूरी बनाई, महाराजपुर-कल्याणपुर ने बचाया, अकबरपुर-रनिया, घाटमपुर और बिठूर विस क्षेत्र में भितरघात

# बड़े-बड़ों ने टांग खींचकर भोले को छकाया फिर भी जीत पाई


समर्थकों से गले मिलते देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर संसदीय सीट पर इस बार भाजपा को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा। पार्टी उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले भले ही चुनाव जीत गए पर उन्हें तीन विधानसभा क्षेत्रों में उनके अपनों ने ही खूब छकाया। भोले को घाटमपुर, बिठूर और अकबरपुर- रनिया में नुकसान हुआ पर महाराजपुर और कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं ने बचाया।

### अकबरपुर- रनिया में भितरघात से पिछड़े

अकबरपुर- रनिया विधानसभा क्षेत्र में देवेंद्र सिंह भोले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार राजाराम पाल से पिछड़े। यहां उन्हें भितरघात का भी जबरदस्त सामना करना पड़ा। कहा जा रहा है कि यहां दलित मतदाताओं के साथ ही ब्राह्मण मतदाता भी सपा के राजाराम पाल के साथ गए। इस वजह से यहां भोले को मात्र 79046 मतों से संतोष करना पड़ा, जबकि पाल ने 108489 मत पाकर भोले पर जबरदस्त बढ़त बनाई। 2017 और 2022 में इस विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने वाली भाजपा को 2022 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले भी कम वोट मिले। अकबरपुर सीट पर पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी भी टिकट के दावेदार थे तो भोले से उनकी दूरी किसी से भी नहीं छिपी है।

| अकबरपुर-रनिया विधानसभा 2024 में मिले वोट | भाजपा | सपा/कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| | 79046 | 108489 | 17232 |

### शहरी मतदाता बने बड़ा सहारा

- कल्याणपुर विधानसभा अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में आती है। इसको भाजपा का गढ़ भी कहा जाता है। 2012 के चुनाव को छोड़ दें तो लगातार यहां से भाजपा ही जीत रही है। ऐसे में यहां के मतदाताओं ने भाजपा का साथ इस बार भी लोकसभा चुनाव में भी नहीं छोड़ा। कल्याणपुर विधानसभा में शहरी मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। अगर इस सीट पर भोले को मिले मतों को देखें तो शहरी क्षेत्र में आते ही भोले ने एक अच्छी लीड बनाई। यहां भोले को 114672 और गठबंधन उम्मीदवार राजाराम को 60066 वोट मिले। यहां और महाराजपुर में मिली बढ़त का लाभ भोले को हुआ और वे जीत गए।

| कल्याणपुर विधानसभा 2024 में मिले वोट | भाजपा | सपा/कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| | 114672 | 60066 | 6766 |

### बिठूर में भितरघात से पिछड़े, विधायक सवालों के घेरे में

- इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को गठबंधन उम्मीदवार से 10397 वोट कम मिले। ऐसा तब है, जब इस सीट पर मौजूदा विधायक भाजपा से हैं। वे 2017 में भी जीते थे। इसके पीछे भाजपाई भितरघात की बात कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि भोले का नामांकन होने के बाद तक क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा उनसे दूरी बनाए रखे। जुबानी जंग भी जारी रही। जब इस मुद्दे पर चर्चा तेज हुई तो अचानक सांगा ने बेमन मंच साझा किया पर इसका लाभ यहां भोले को नहीं मिला। नतीजा यह हुआ कि विधानसभा क्षेत्र में गठबंधन उम्मीदवार राजाराम पाल आगे रहे।

### बिठूर विधानसभा 2024 में मिले वोट

| | |
|---|---|
| भाजपा | 103229 |
| सपा/कांग्रेस | 113626 |
| बसपा | 16128 |

### महाना के क्षेत्र में तय हुई जीत

- देवेंद्र सिंह भोले की जीत की इबारत महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में लिखी गई। इस क्षेत्र से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना विधायक हैं और यहां न तो भोले को किसी भितरघात का सामना करना पड़ा और न ही क्षेत्रीय विधायक की दूरी का। महाना के साथ ने भोले को यहां मजबूत किया और उन्होंने 142358 वोट पाकर राजाराम पाल से 48670 मतों से आगे निकल गए। पाल को यहां 93688 मत मिले। भोले को यहां मिले जबरदस्त वोट ने पूरे चुनाव का पासा पलट दिया। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले यहां भोले को कम वोट मिले हैं। तब महाना को यहां से 1.52 लाख वोट मिले थे।

| महाराजपुर विधानसभा 2024 में मिले वोट | भाजपा | सपा/कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| | 142358 | 93688 | 11275 |

### विधायक की नाराजगी परेशानी का सबब बनी

घाटमपुर विधानसभा से मौजूदा विधायक सरोज कुरील भाजपा के सहयोगी दल अपना दल सोनेलाल के टिकट पर जीतीं थीं। बताते हैं कि उनकी भोले से नाराजगी पुरानी है। ऐसे में चर्चा है कि विधायक और उनके समर्थकों ने भोले के लिए कुछ खास प्रचार नहीं किया। इस विधानसभा से गठबंधन उम्मीदवार राजाराम को 18946 मतों से बढ़त मिली। भाजपा को 74951 वोट मिले, जबकि राजाराम को 93897 मत मिले। हालांकि यहां की बढ़त को पाल कल्याणपुर और महाराजपुर में बरकरार नहीं रख सके। भोले को यहां भी विधानसभा चुनाव के मुकाबले कम वोट मिले।

| घाटमपुर में 2024 में मिले मत | भाजपा | सपा/कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| | 74951 | 93897 | 21278 |

# रसोई घर में मृत मिले बुजुर्ग पति-पत्नी

**○ बाहर न निकलने पर मोहल्ले वालों को हुई आशंका ○ डीसीपी और एसीपी ने किया मौके का निरीक्षण**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



चमनगंज में मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र के श्रीनगर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी और उनकी पत्नी का रसोई घर में मृत मिले। सुबह जब बुजुर्ग दंपति घर के बाहर नहीं आए तो मोहल्ले वालों ने आपस में चर्चा की। जिस पर कुछ लोग दंपति के घर गए और दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद दूसरे की छत के रास्ते मकान में दरवाजे तोड़कर घुसे लोगों ने रसोईघर में दंपति के शव पड़े देखे तो उन लोगों के होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। डीसीपी और एसीपी ने भी जांच की।

प्लॉट नंबर पांच में रहने वाले बुजुर्ग दंपति 70 वर्षीय छैल बिहारी लाल और उनकी पत्नी 68 वर्षीय सुष्मा का शव मकान के पहली मंजिल पर बने रसोईघर में पड़ा मिला। पड़ोसी की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, एसीपी श्वेता कुमारी सर्किल के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम के अनुसार दंपति की मौत मंगलवार देर रात करीब एक बजे के आसपास हुई है। जिसके चलते शव डिकम्पोज होना शुरु हो गया था। मुंह से खून निकला है। मुरादाबाद में रहने वाले भतीजे शरद बिहारी लाल ने बताया कि यह मकान उन लोगों का पुश्तैनी है। चाचा छैल बिहारी रेलवे में ब्वॉयलर का काम करते थे। 10 साल पहले वह मुरादाबाद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह अपनी पत्नी सुषमा के साथ चमनगंज के श्रीनगर स्थित दो मंजिला मकान के प्रथम तल पर रहते थे।

ग्राउंड फ्लोर पर दुर्गा मंदिर बना रखा था। उनकी कोई औलाद नहीं थी। उनके बड़े भाई परिवार के साथ मुरादाबाद में ही रहते हैं। बुधवार सुबह से शाम तक मंदिर में पूजा पाठ न होता और हॉकर के अखबार डालने के बाद भी न उठाने पर उनके पड़ोसी गेट के पास पहुंचे। रिश्तेदार जितेंद्र पड़ोसी की छत के रास्ते उनके मकान की छत पर पहुंचे तो वहां भी दरवाजा बंद मिला। जितेंद्र ने जानकारी मुरादाबाद निवासी भतीजे शरद बिहारी को दी। इसके बाद पुलिस दरवाजा तोड़कर जब भीतर दाखिल हुई तो दंपति को शव रसोईघर में पड़ा मिला।



छैल बिहारी लाल व सुषमा।

> मकान के प्रथम तल पर बने रसोईघर में बुजुर्ग दंपति का शव मिला है। प्रथम दृष्टया जांच में किसी अपराध के होने जैसी कोई भी बात सामने नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –आरएस गौतम, डीसीपी सेंट्रल

### एलआईयू ने ली जानकारी

चमनगंज जैसे अति संवेदनशील इलाके में बुजुर्ग दंपति के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घर के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। कमिश्नरेट के आलाधिकारी भी घटना की अपडेट लेने लगे। इसी दौरान एलआईयू अफसर भी वहां पहुंच गए और जानकारी ली।

### मुंह से निकल रहा था खून, पास रखे थे काजू

जांच करने पहुंची फोरेंसिक टीम ने बताया कि रसोईघर में मिले दंपति के मुंह से खून निकल रहा था। उनके पास में प्लेट में काजू रखे थे। प्राथमिक जांच में हार्ट अटैक से मौत होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की असल वजह स्पष्ट होगी।

### शुगर और बीपी के मरीज थे दोनों

एसीपी श्वेता कुमारी ने बताया कि दंपति शुगर और बीपी के मरीज थे। यह जानकारी उनकी भांजी ने दी है। शहर के एक चिकित्सक से इलाज चल रहा था। चिकित्सक से भी बातचीत की गई है। उन्होंने भी इसकी पुष्टि की है।



घंटाघर चौराहे पर लागू की गई यूटर्न व्यवस्था। अमृत विचार

# लौटी पुलिस, चौराहों पर यूटर्न व्यवस्था लागू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनाव व अयोध्या में लगी वीआईपी ड्यूटी कर रही ट्रैफिक पुलिस फोर्स बुधवार को शहर लौट आई। प्रमुख चौराहों पर यूटर्न व्यवस्था फिर लागू कर दी गई। अभी तक 276 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल व सात टीएसआई लोकसभा चुनाव व अयोध्या में वीआईपी ड्यूटी में गए थे। 144 ट्रैफिक कांस्टेबल व 85 टीएसआई ही शहर की यातायात व्यवस्था को संभाल रहे थे। इस संबंध में डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि वीआईपी व चुनाव ड्यूटी पर गए सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मी बुधवार को वापस आ गए। घंटाघर, रामादेवी, जरीबचौकी व हरजेंदर नगर चौराहे को जाम मुक्त कराने के लिए यूटर्न व्यवस्था एक बार फिर लागू कर दी गई। इसके साथ ही घंटाघर, एक्सप्रेस रोड के आसपास नो पार्किंग पर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



# सेना पुलिस कर्मी के घर से 30 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सचेंडी थानाक्षेत्र की घटना
पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में चोरों ने सेना पुलिस में तैनात कर्मी के घर धावा बोला। यहां से चोरों ने 30 लाख के जेवरात व करीब सवा लाख रुपये पार कर पुलिस के गश्त की पोल खोलकर रख दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



सचेंडी के बिनौर निवासी अभय प्रताय सिंह ने बताया कि परिवार पिता शिवहरी, मां जयकली, उनकी पत्नी और भाई राघवेंद्र है। भाई राघवेंद्र सिंह सेना पुलिस में है और वर्तमान में दिल्ली में कार्यरत है। बताया कि सोमवार रात को सभी लोग सो रहे थे, तभी चोर छत के रास्ते घर के अंदर आए और लॉकर, बक्से व अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे करीब तीस लाख रुपये के जेवरात व करीब सवा लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरों ने छत के जीने का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया था। मगंलवार सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेसिंक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। इस संबंध में सचेंडी इंस्पेक्टर जसवंत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## होजरी फैक्ट्री में लगी आग

**कानपुर।** पनकी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित होजरी फैक्ट्री में बुधवार सुबह आग लग गई। लपटें उठती लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु किया। आग के विकराल रूप धारण करने पर लोगो ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। बाद में फायरब्रिगेड की छह गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

पनकी इंडस्ट्रियल एरिया साइट नंबर वन एच-वन में अशोक नगर निवासी विनय खंडेलवाल की एमएमसी ट्रेड नाम से होजरी फैक्ट्री है, जिसे उन्होंने मीना शुक्ला, उमाकांत शुक्ला को किराए पर दे रखा है।

चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक ने बताया कि फैक्ट्री के भूतल में आग की सूचना मिली थी। पनकी, मीरपुर, फजलगंज फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू किया। फैक्ट्री में रखा माल जल कर खाक हो गया। प्रथम दृष्टया आग का कारण शॉर्ट सर्किट पाया गया है।

# पनकी गंगागंज में तड़के से रात तक रुलाती रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● रात आठ बजे आई लेकिन एक फेस उड़ गया

**अमृत विचार।** केस्को प्रबंध निदेशक (एमडी) के प्रयासों के बाद भी शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं आ रहा है। एमडी जहां निरीक्षण को जाते हैं, वहां की बिजली व्यवस्था में सुधार हो जाता है। बाकी जगहों पर दिक्कत बनी रहती है।

पनकी गंगागंज में बुधवार भोर तीन बजे बिजली गुल हुई और दोपहर तक आई नहीं। क्षेत्र के करीब 30 हजार से अधिक लोगों को बिजली नहीं आने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घरों में पानी भी नहीं आया। रात करीब आठ बजे बिजली आई, लेकिन एक फेस उड़ गया, जिससे फिर बड़े क्षेत्र की बिजली चली गई। लोगों को कहना है कि हेल्पलाइन नंबर मिलते नहीं हैं, अगर कई बार मिलाने पर मिला भी तो कर्मचारी बिजली आने के संबंध में सटीक जानकारी मुहैया नहीं कराते। रतनपुर उपकेंद्र के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के मुताबिक तीन जगह भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने की वजह से समस्या हुई है। रात आठ बजे लंका चौराहा के पास फॉल्ट हुआ, जिसे दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। इसके अलावा शिव नगर, मसवानपुर, जेके कॉलोनी, तिवारीपुर, कैलाश नगर, पशुपति नगर, बेनाझाबर ईदगाह कॉलोनी, बारादेवी व बाबूपुरवा में पूरा दिन बिजली संकट रहा। जबकि किदवई नगर, श्याम नगर , राजीवपुरम, काकादेव, नमक फैक्टी क्षेत्र समेत आधा दर्जन क्षेत्रों में रात को बिजली न आने से काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

### बड़े फॉल्ट नहीं दिखा रहा केस्को

केस्को के अधिकारी अपने उच्चाधिकारियों को कम और छोटे फॉल्ट दिखाकर नौकरी पक्की कर रहे हैं जबकि शहरी घंटों बिजली का रोना रो रहे हैं। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक चार जून को केस्को अंतर्गत अधिकतम लोड 657 मेगावाट रहा। संपूर्ण औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 41 मिनट रही। ट्रांसफार्मर के पैनल में कार्य कराने के लिए साइकिल मार्केट उपकेंद्र के पानी की टंकी फीडर में 40 मिनट शटडाउन, पेड़ छंटाई के कारण रावतपुर फीडर में एक घंटा 10 मिनट शटडाउन और एलटी लाइन क्षतिग्रस्त होने पर रेल बाजार फीडर में एक घंटे तक शटडाउन रहा।

## सार-संक्षेप

### कुशाग्र हत्याकांड में फाइल ट्रांसफर, 13 को सुनवाई



कुशाग्र।

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी के बेटे कुशाग्र कनोडिया की हत्या के मामले की फाइल बुधवार को एडीजे 17 की कोर्ट में ट्रांसफर हो गई। अब आगे की सुनवाई इसी कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 13 जून की तिथि निर्धारित की। आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र की बीते 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला व दोस्त शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई अब तक एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में चल रही थी। पिछली सुनवाई में हत्याकांड के वादी व मृतक के चचेरे बाबा संजय कनोडिया ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए थे। बुधवार को मामले की फाइल एडीजे 17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में ट्रांसफर हो गई। कोर्ट ने अगली तिथि 13 जून निर्धारित की।

### पद्म पुरस्कारों के आवेदन 25 जुलाई तक

**कानपुर।** प्रतिष्ठित पद्म विभूषण, पद्मभूषण व पद्मश्री पुरस्कारों के लिए आवेदन 25 जुलाई तक होंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले, विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों के लिए यूपी खेल निदेशालय की ओर से खेल विभाग को यह पत्र भेजा गया है। प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस पर पद्म विभूषण, पद्मभूषण व पद्मश्री से खिलाड़ियों व विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है। आवेदन के इच्छुक लोग आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पत्र पर 25 जुलाई तक भर कर भेज सकेंगे।

### किशोरी लापता, अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** चकेरी से संदिग्ध परिस्थितियों में घर से पिता को खाना देने के लिए निकली 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। पिता ने अज्ञात पर अपहरण का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी निवासी किसान के अनुसार उनकी 15 वर्षीय बेटी दो जून की दोपहर को उन्हें घर से खेत पर खाना देने के लिए निकली थी लेकिन नहीं पहुंची। सब जगह खोजा लेकिन पता नहीं चल सका। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में अज्ञात पर बेटी का अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

### किशोरी से छेड़खानी करने पर युवक की पिटाई

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में कोयला नगर में किशोरी से छेड़खानी कर रहे युवक को परिजनों ने पीटा और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। कोयला नगर निवासी 14 वर्षीय किशोरी घर के बाहर खड़ी थी। तभी इलाके का एक युवक छेड़खानी करने लगा। इस पर किशोरी ने शोर मचाया तो परिजन बाहर निकलकर आ गये। उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया और उसे पीटा। इसके बाद परिजन आरोपित को पकड़कर कोयला नगर चौकी ले आये। चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। फिर भी युवक का शांतिभंग में चालान कर कार्रवाई की जा रही है।

### ग्वालटोली से किशोर लापता

**कानपुर।** ग्वालटोली में मंदिर दर्शन करने गया किशोर लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर कर पुलिस से शिकायत की है। शुक्लागंज गांधी नगर निवासी शिवांगी शुक्ला के अनुसार गाजियाबाद झण्डापुर निवासी पूनम शुक्ला का 12 वर्षीय बेटा सक्षम परमट निवासी बड़ी मम्मी नूतन शर्मा के पास रहता है। तीन जून को वह बड़ी मम्मी से परमट मंदिर दर्शन जाने की बात कहकर घर से निकला था। तबसे लापता है। ग्वालटोली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश में जुट गई है।

### आचार्य शांति सागर जी पर विशेष कवर का अनावरण आज

**कानपुर।** बीसवीं सदी के प्रथमाचार्य चारित्र–चक्रवर्ती आचार्य श्री शान्ति सागर जी महामुनिराज के आचार्यत्व पदारोहण के शताब्दी वर्ष 2023–24 के उपलक्ष्य में डाक विभाग द्वारा विशेष कवर का अनावरण गुरुवार 6 जून दोपहर 2 .30 बजे मुख्य डाकघर के सम्मेलन कक्ष में होगा। कानपुर जैन समाज उत्तर प्रदेश के महामंत्री त्रिभुवन चंद्र जैन ने ये जानकारी दी।

# युवक के खाते से 48 हजार रुपये पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज के आजाद नगर निवासी विनोद कुमार चिड़ियाघर में हेड कीपर है। विनोद के अनुसार वह दो जून को पास में स्थित एटीएम बूथ से रुपये निकालने गये थे।

इस दौरान उनका एटीएम मशीन की ट्रे में फंस गया। इस पर वहां पर लिखे नंबर पर कॉल किया तो उसने जैसे जैसे बताया उन्होंने वैसा ही किया। कुछ देर बाद उनका एटीएम निकल आया। फोन पर बात करने वाले ने बताया कि आपका एटीएम 24 घंटे के लिए ब्लॉक हो गया है। इस पर वह घर आ गये, इसके बाद रात को चार बार में उनके खाते से 48 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया।

इस पर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की मगर सुनवाई न होने पर ऑनलाईन रिपोर्ट दर्ज कराई है। लोगों के अनुसार इस एटीएम मशीन से बीते कुछ दिनों में लगभग दस लोगों के साथ ऐसा वाक्या हो चुका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है कहीं किसी हैकर ने मशीन के साथ छेड़छाड़ कर ट्रे में कुछ लगा तो नहीं दिया है। साथ ही पुलिस एटीएम मशीन में लिखे मोबाइल नंबर की जांच कर रही है।

### युवक के खाते से उड़ाए 30 हजार



**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में जेके कॉलोनी निवासी अमित कुमार से साइबर ठग ने बैंक अधिकारी बनकर बात की और फिर क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करते ही उनके खाते से 30 हजार रुपये निकल गये। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की है। अमित कुमार के अनुसार मंगलवार को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मी बताया और कहा कि बैंक की ओर से आपको एक लाख की लिमिट का क्रेडिट कार्ड बनवाने का आफर दिया जा रहा है। इस पर अमित झांसे में आ गये। फिर आरोपित ने मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैंग हो गया। कुछ देर बाद खाते से 30 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# हाईवे पर दौड़ती गाय ने बाइक सवार की जान ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● हुक न लगाने पर हेलमेट निकलकर हुआ चकनाचूर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में हाईवे पर दौड़ती गाय बाइक सवार से टकरा गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान हुक न लगा होने की वजह से हेमलेट काफी दूर जाकर गिरकर चकनाचूर हो गया।





पुलिस ने युवक को अस्पताल भिजवाया। जहां उसने मंगलवार देर रात दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि कानपुर देहात के थाना शिवली के ग्राम अरशदपुर निवासी 22 वर्षीय ओमशंकर मजदूरी करता था। मौसेरे भाई दीप सिंह ने बताया कि सोमवार शाम करीब 4.30 बजे वह काम से कानपुर आ रहा था। सचेंडी थाना और भाऊपुर के बीच हाईवे पर दौड़ती हुई गाय बाइक सवार ओमशंकर से टकरा गई। जिससे वह काफी दूर तक घिसटता चला गया। हेलमेट का हुक न लगा होने की वजह से सिर पर काफी चोट आ गई।

दूसरे बड़े वाहन के नीचे हेलमेट आकर चकनाचूर हो गया। मंगलवार देर रात हैलट में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि ओमशंकर की तीन महीने पहले अर्चना से शादी हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## रिपोर्ट दर्ज न करने पर थाना प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा

**कानपुर।** कोर्ट के आदेश के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न करने पर सीएमएम कोर्ट ने बिठूर थाना प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा है।

बिठूर थानाक्षेत्र निवासी गीता वर्मा ने बताया कि बड़े बेटे सनी का एक युवती से प्रेम संबंध था। युवती के पिता ने बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि उसने 31 अगस्त को बेटे को बुलवाया था। अगले दिन उसका शव नानकारी रेलवे क्रासिंग के पास पड़ा मिला था। आरोप है कि बेटे की हत्या युवती के परिजनों व उसके साथियों ने की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने सीएमएम कोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने बिठूर थाना प्रभारी को जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

**अराजकता** बेनाझाबर भट्ठा वाली गली में लाइन डालने में सड़क को कर दिया बंद

# सीवर लाइन डालने में खोद डाली सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बेनाझाबर भट्ठा वाली गली में लाइन डालने में सड़क को कर दिया बंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेनाझाबर भट्ठा वाली गली में सीवर लाइन डालने की वजह से सड़क को दो बार खोद दिया गया। केस्को की केबिल लाइन आने की वजह से बुधवार को कर्मचारियों ने सीवर चैंबर के पास से सड़क को खोदना शुरू किया। पाइप लाइन डालने के कार्य की वजह से दोपहर बाद सड़क से आवागमन बंद हो गया। राहगीरों को दूसरे रास्ते से होकर स्वरूप नगर व मोतीझील रोड पर आना पड़ा।

बेनाझाबर भट्ठा वाली गली में सीवर लाइन नहीं पड़ी होने की वजह से क्षेत्र में सीवर का गंदा पानी भरता है। करीब 50 घर ऐसे हैं जो सीधी तरह से सीवर समस्या से परेशान हैं। क्षेत्रीय निवासी जमन ने बताया कि पहले नगर निगम के ठेकेदार ने खोदाई शुरू की तो भूमिगत में केस्को की केबिल आ गई। इससे खोदाई कार्य को रोकना पड़ गया। बुधवार को पहले गड्ढे को भरकर सीवर चैंबर के पास से खोदाई कार्य शुरू किया गया है। एक चैंबर से दूसरे चैंबर को जोड़ने के लिये सीवर लाइन डाली जा रही है। लाइन पड़ने से सीवर का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर नहीं आयेगा। इससे करीब क्षेत्र की 200 की आबादी को सीवर समस्या से छुटकारा मिलेगा।

## दहेज के लिए दिया तीन तलाक

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक महिला ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ित करने और पति पर तीन तलाक देकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। रेलबाजार निवासी महिला सुविया अंसारी के अनुसार उनका निकाह जुलाई 2016 में लखनऊ के कंपेल रोड, बालागज निवासी उबैद अंसारी के साथ हुआ था। पति समेत ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये व कार मांगते थे। पांच अगस्त 2023 को पति नशे की हालत में आया और मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि आरोपियों पर संबंधिक धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# एचबीटीयू कुलपति को मिला दूसरा कार्यकाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रो. समशेर।

**अमृत विचार।** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर (एचबीटीयू) के कुलपति प्रोफेसर समशेर को बुधवार को दूसरा कार्यकाल मिल गया है। प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रोफेसर समशेर को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक के लिए कुलपित नियुक्त करने का आदेश दिया है। प्रोफेसर समशेर का पिछला कार्यकाल 19 अप्रैल को समाप्त हो गया था। तब कुलाधिपति ने अग्रिम आदेश जारी होने तक कुलपित प्रो. समशेर का कार्यकाल बढ़ाने का आदेश दिया था। बुधवार को कुलाधिपति ने प्रो. समशेर को दूसरा कार्यकाल दे दिया है। प्रो. समशेर ने 20 अप्रैल, 2021 को एचबीटीयू के कुलपति का कार्यभार संभाला था। उन्होंने कहा कि एचबीटीयू उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण, शोध, सहयोग और विपणन योग्य उत्पादों के विकास के लिए एक जगह है। गुणी शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती को प्राथमिकता दी जाएगी।



चंद्रशेखर और शिखा।

## श्रमजीवी संगठन के महामंत्री को मिली बधाई

**कानपुर।** विजयनगर सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक एवं श्रमजीवी संगठन के महामंत्री चंद्रशेखर गुप्ता की 11 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर लोगों ने शुभकामनाएं दीं। समाचार पत्र विक्रेताओं ने चंद्रशेखर और उनकी पत्नी शिखा गुप्ता को लोगों ने बधाई दी।

# विवि में साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल कोर्स भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसको लेकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर का सहयोग लिया जाएगा।

बता दें साइबर हमलों से बचने के लिए साइबर एक्सपर्ट की फौज तैयार करने की कवायद शुरू होने जा रही है। आईआईटी सीएसजेएमयू के छात्रों को साइबर एक्सपर्ट बनाने में सहयोग करेगा। आज सीएसजेएमयू, आईआईटी के सी-3 आई हब एवं सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन के बीचे समझौता होगा। इसी कड़ी में सीएसजेएमयू में साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल कोर्स की शुरूआत करेगा। बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय एवं आईआईटी कानपुर के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी स्किलिंग प्रोग्राम को पांच माड्यूल में विभाजित किया गया है। इसमें सिक्योरिटी थ्रेट्स एंड ट्रेंड, क्रिप्टोग्राफी, एप्लीकेशन सिक्योरिटी, नेटवर्क सिक्योरिटी, और ओएस सिक्योरिटी कोर्स पर जानकारी दी जाएगी। यह तीन क्रेडिट का होगा।

# अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल से गिरा कारोबारी, मौत

**कानपुर।** काकादेव थाना क्षेत्र के पांडुनगर में अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल से गिरकर पीवीसी पाइप कारोबारी 57 वर्षीय संदीप बंदो की मौत हो गई। हादसे के वक्त उनकी पत्नी और बच्चे कमरे में मौजूद थे।

संदीप बंदो के परिवार में पत्नी आभा के अलावा एक बेटा शौर्य और दो बेटियां श्रद्धा व श्रेया शादीशुदा हैं। साले राजीव चोपड़ा ने बताया कि बुधवार रात वह फ्लैट के बाहर बालकनी में टहल रहे थे। तभी अचानक अनियंत्रित होकर तीसरी मंजिल से नीचे जा गिरे। सिक्योरिटी गार्ड की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें रीजेंसी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। काकादेव थानाप्रभारी केपी गौड़ फोर्स संग मौके पर पहुंचे और जांच की।

# देख लीजिए, नगर निगम ऐसे बढ़ा रहा हरियाली




वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए 15 वें वित्त आयोग से शासन दो साल से अलग से बजट जारी कर रहा है। अब तक 148 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। जिसके तहत शहर में प्रमुख सड़कों पर हैंगिंग गार्डेन बनाये जा रहे हैं। इन गार्डेन में प्रदूषण को सोखने वाले पौधों को लगाया जाता है। इसी के तहत शहर में ब्रह्मनगर, मॉल रोड, मरियमपुर के साथ ही 2022 में जूही खलवा पुल पर भी हैंगिंग गार्डेन बनाया गया। यहां फुटपाथ का सुंदरीकरण भी किया गया। लेकिन, रख-रखाव न होने की वजह से हैंगिंग गार्डेन में लगे पौधे मुरझाते जा रहे हैं। कई गमलों से तो पौधे भी गायब हो गये हैं। सुंदरता के लिये लगाई गई विदेशी घास भी सूख रही है। इसके साथ ही शो-पीस लाइट जलना भी बंद हो गई हैं। ब्रह्मनगर, लाल इमली, मरियमपुर चौराहे पर लगाये गये हैंगिंग गार्डेन कबाड़ बन चुके हैं। सिर्फ नरोना चौराहे के पास मल्टी लेवल पार्किंग के बाहर बने गार्डेन की स्थित ठीक है।

# जलवायु परिवर्तन से फसल चक्र बदला, प्लास्टिक है बड़ा खतरा

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएसए में कार्यशाला, पर्यावरण बचाए रखने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का उद्घाटन करते सीएसए के वीसी डा. आनंद सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचर।** वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण खेती के तौर तरीके तथा उत्पादन एवं उत्पादकता पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। फसल चक्र में भी बदलाव आ रहा है। यह बात सीएसए में आयोजित कार्यशाला में विश्वविद्यलाय के कुलपति डा. आनंद सिंह ने कही।

बुधवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के वानिकी महाविद्यालय एवं सीफोर वर्ल्ड एग्रो फॉरेस्ट्री एशिया कॉन्टिनेंटल प्रोग्राम इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य हम पीढ़ी बहाली हैं' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आज से ठीक 50 वर्ष पूर्व 5 जून 1973 से विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'भूमि पुनर्स्थापना मरुस्थलीकरण और सूखे पर है'। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक उपयोग में कमी लाई जानी चाहिए तथा रीसाइकलिंग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। वर्ल्ड एग्रोफोरेस्ट्री सेंटर के डॉ. एस के ध्यानी ने अधिक से अधिक पेड़ लगाकर जलवायु परिवर्तन रोकने पर बल दिया। डीएफओ श्रद्धा यादव, डा. एसपी सिंह ने भी संबोधित किया। आयोजक डॉ. मुनीश कुमार. सर्वेश कुमार, डॉ. सी एल मौर्य, डॉ. पी के उपाध्याय, डॉ. पीके सिंह एवं डॉ. कौशल कुमार आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज के मंदिर में लगाए गए पौधे

- **कानपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एंव पेंशनर्स एसोसिएशन ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कैंपस में बालिका छात्रावास के सामने स्थापित मंदिर परिसर में औषधि पौधरोपण किया। पेंशन फोरम के महामंत्री आनंद अवस्थी ने बताया कि जीवन में ऑक्सीजन पेड़ों से मिलती है, जिंदगी बचाने के लिए पेड़ बचाना अत्यंत जरूरी है। पेड़ का सम्मान कर उनको सुरक्षा प्रदान करना चाहिए। इस दौरान एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष उमेश सिंह, संयोजक बीएल गुलाबिया, सह-संयोजक बेनी सिंह सचान, आरपी श्रीवास्तव एडवोकेट, रविंद्र कुमार, विशनू पाल, अजय कुशवाहा, बेचेलाल कुशवाहा, सत्य नारायण, सुनीता देवी समेत आदि लोग रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने बताया पेड़-पौधों का महत्व

- **कानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस" पर एनसीसी कैडेट्स ने डीडी विद्या निकेतन एजुकेशन सेंटर में पेड़-पौधों का महत्व बताया। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधें लगाए और मौजूद लोगों को पौधा लगाने के लिए जागरूक किया।

### वृक्षारोपण कर मनाया योगी का जन्मदिन

- **कानपुर।** योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर आवास विकास तीन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर तिलक कर सामने गुलगुले रखकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाजपा महिला मोर्चा ने गुलगुले बनाए।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- **कानपुर।** सीएसए व सीएसजेएमयू में पौधरोपण कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही पौधरोपण किया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। सीएसए में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता ने कहा कि पौधे लगाने से पर्यावरण शुद्ध व स्वच्छ होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव डॉ.वंदना पाठक, कुलसचिव प्रोफेसर अनिल कुमार यादव, बीओबी के उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख शैलेष कुमार पारख, शाखा प्रबंधक अनु गुप्ता विवेक मिश्र, अनिल कुमार त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार यादव आदि रहे।


बर्रा के ब्लाक के पार्क में पोधरोपण हुआ। अमृत विचार

### बर्रा विश्व बैंक के-ब्लॉक पार्क में लगाए 101 पौधे

- **कानपुर।** बर्रा विश्व बैंक के-ब्लॉक पार्क और शिव शंकर जी मंदिर पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्रीय लोगों ने 101 पौधे लगाए। पेड़ और पौधों को देखरेख और उनको संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। इसके साथ ही पार्क में शरबत वितरण भी किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद संतोष साहू, अभिषेक श्रीवास्तव, रिंकू सोनी, शिवम सिंह, कुनाल श्रीवास्तव, एडवोकेट प्रखर, विराज, राजकुमार समेत आदि लोग रहे।


शिविर में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

### रक्तदान के साथ पौधरोपण की शपथ ली

- कानपुर। साकेत नगर स्थित मसल्स क्राफ्ट जिम में बुधवार को पर्यावरण दिवस पर संकल्प सेवा समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। विक्रांत चौहान ने रक्तदाताओं को पौधा देकर शपथ दिलाई कि जीवन बचाने के लिए रक्तदान के साथ ही पौधरोपण कर उनकी देखरेख जरूर करे। संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में योगेंद्र चौहान, सौरभ चंदेल, हर्ष, सुधीर, जिम संचालक युवराज चौहान ने अपने पिता विक्रांत चौहान के साथ रक्तदान किया।


महापौर प्रमिला पांडेय ने किया पौधरोपण। अमृत विचार

### महापौर ने गुलाब और राजीव वाटिका में रोपे पौधे

- कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील स्थित गुलाब वाटिका और राजीव वाटिका में पौधरोपण किया। महापौर ने कहा कि हमारा पर्यावरण प्रकृति का अनमोल उपहार है। हमें अपने और आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसे सहेजकर रखना होगा। महापौर ने सभी नागरिकों से कम से कम एक-एक वृक्ष के पौधे लगाये जाने की अपील की। इस मौके पर पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, पवन पाण्डेय, आनन्द शुक्ला, सौरभ देव, आकर्ष वाजपेई, कमलेश त्रिवेदी आदि रहे।


प्रभात फेरी निकाल पर्यावरण के प्रति जागरूक करते रेलवे अधिकारी। अमृत विचार

### पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ दिलाई

- कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर बुधवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक कानपुर संतोष त्रिपाठी ने स्वच्छता कर्मियों, कर्मचारियों व अधिकारियों को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही स्टेशन पर प्रभात फेरी के माध्यम से पर्यावरण खतरों के बारे में जानकारी देकर लोगों को पेड़-पौधे नष्ट न करने के लिए जागरूक किया। इधर, नवनिर्मित रेलवे कंट्रोल ऑफिस जीएमसी में महिला शक्ति द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण के लिए जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। अतुल गंगवार, कामरान, आईएएस मेधा आनंद, नीरजा, निहारिका रहे।


बालभवन में किया गया पौधरोपण। अमृत विचार

### पर्यावरण बचाने में मिलकर अदा करें किरदार

- कानपुर। पटकापुर मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद की ओर से फूलबाग स्थित बालभवन में पौधरोपण किया गया। पैगाम दिया कि मजहबे इस्लाम में पेड़-पौधों को बड़ा महत्व दिया गया है और पौधे लगाने पर जोर दिया गया है। इस दौरान मदरसे के मोहतमिम मुहीउद्दीन खुसरो ताज, बाल भवन के सचिव राजीव महाना, प्रबंधक इंद्रेश त्रिपाठी, मौलाना अजहर मुनीर मजाहिरी, मौलाना हबीबुर्रहमान जामई, मौलाना हसीबुर्रहमान जामई, मौलाना नूर आलम जामई, हाफिज़ मुहम्मद अख्लाक जामई समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### जरूरी है प्रकृति का संरक्षण और पौधरोपण

- कानपुर। बागवान वेलफेयर सोसाइटी ने शताब्दी नगर फेस-दो स्थित सुमन वाटिका में विश्व पर्यावरण दिवस पर पीढ़ी की बहाली विषय पर गोष्ठी और पौधरोपण किया। भारत उत्थान न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुजीत कुंतल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस की इस वर्ष की थीम पीढ़ी की बहाली रखी गई है। पर्यावरण प्रेमी बरेन सरकार, अशोक पाल, श्याम बाबू वर्मा, अशोक दुबे व मुख्य अतिथि सुजीत कुंवले मौजूद रहे।

### श्रेया निबंध और अंश चित्रकला में प्रथम

- **कानपुर।** यूपीपीसीबी क्षेत्रीय कार्यालय में चित्रकला एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता हुई। कथा 9 की छात्रा श्रेया ने निबंध लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो वहीं कक्षा 7 के छात्र अंश ने चित्रकला में प्रथम स्थान पाया। निबंध लेखन में कक्षा 9 की छात्रा रिद्धिमा सिंह और कक्षा 10 की करिश्मा पांडेय ने दूसरी और तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में कथा 4 की छात्रा श्रद्धा और कक्षा 5 की छात्रा नीति मिश्रा ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

ऊहापोह | अनियमितता की आशंका जता छात्र-छात्राएं कर रहे जांच की मांग

# नीट रिजल्ट देख असमंजस में कई मेधावी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


डा. एसपी सिंह से मिलकर छात्र-छात्राओं ने शंका जताई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नीट यूजी का रिजल्ट देख कई अभ्यर्थी असमंजस में हैं। अनियमितता की आशंका जताकर मेधावी जांच की मांग भी कर रहे हैं।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी रिजल्ट मंगलवार को जारी किया है। इस साल 13.16 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा पास की है। करीब 24 लाख बच्चों ने नीट यूजी यानी मेडिकल की प्रवेश परीक्षा दी थी। एनटीए ने नीट रिजल्ट 2024 के साथ ही नीट यूजी कट-ऑफ भी जारी किया है। इस साल सभी श्रेणियों के लिए नीट 2024 कटऑफ बढ़ा दी गई है। नीट के रिजल्ट को लेकर कई अभ्यर्थियों ने बुधवार को विशेषज्ञों से मुलाकात की और अनियमितता की आशंका जताई। आयुष्मान, सोनिया, पवन एवं आर्य किशन यादव आदि मेधावियों ने अनियमितता की आशंका जताई। मेधावी छात्रों का कहना था कि कुछ अभ्यर्थियों ने 718 एवं 719 स्कोर किया है। जो हो नहीं सकता है। स्कोर 716 एवं 715 तो हो सकता है। इसलिए इस पर जांच होनी चाहिए। मेधावी छात्रों ने हरियाणा के एक सेंटर को लेकर भी आशंका जताई कि एक सेंटर पर 8 अभ्यर्थियों ने 720 का स्कोर किया है। एक सेंटर पर 8 बच्चे एक जैसा स्कोर कर रहे हैं यह भी अचरज का विषय है।

### स्कूल का टेस्ट जैसा हो गया

- न्यूलाइट के निदेशक डा. एसपी सिंह कहते हैं कि नीट में ग्रेस मार्क्स देकर इसे स्कूल के टेस्ट जैसा बना दिया है। कटऑफ की बात करें तो 2023 में कटऑफ 611 रहा और 2024 में कटऑफ 655 है। कटऑफ में बड़ा अंतर है।

### मेहनत से पाई सफलता, सेवा है लक्ष्य



किदवई नगर निवासी बैंक प्रबंधक अखिलेश कुमार की पुत्री दिव्या सिंह एआईआर 148वीं रैंक हासिल कर नाम रोशन किया है। एससी कैटेगिरी में 8वीं रैंक लाने वाली दिव्या कहती हैं कि पहले एमबीबीएस फिर अगला लक्ष्य तय करेंगे। एम्स से एमबीबीएस का लक्ष्य है। पनकी गंगागंज निवासी सतेंद्र कुमार गुप्ता के पुत्र सात्विक गुप्ता ने एआईआर 759वीं रैंक हासिल की है। ओबीसी में 230वीं रैंक पाने वाले सात्विक कहते हैं कि मेहनत ही सफलता का मंत्र है। स्नेहा सोनकर, आदित्य कुमार आदि छात्रों ने सतत प्रयास को सफलता का मंत्र बताया है।

# प्रतिबंधित रूटों से हटाए हजारों ई रिक्शे, बेकनगंज के लिए नासूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बेकनगंज में पूरी सड़क पर ई रिक्शों का कब्जा। अमृत विचार

- **रूपम चौराहा, पानी की टंकी, डॉ. बेरी चौराहा पर पैदल चलना भी हुआ दूभर**
- **रहमानी मार्केट के पास पार्किंग नहीं होने से आधी सड़क पर पसरे रहते वाहन**

**अमृत विचार।** यदि आप चमनगंज से परेड जाने की सोच रहे हैं तो ये मान लें कि बेकनगंज में एक घंटे जाम में फंसना ही है। प्रतिबंधित मार्गों से हटाये गये हजारों ई रिक्शे अब बेकनगंज समेत कई घनी आबादी के लिए मुसीबत बन गए हैं। बेकनगंज बाजार, तलाक महल, डॉ. बेरी चौराहा, पानी की टंकी समेत दर्जनों क्षेत्रों में ई रिक्शे अराजकता फैला रहे हैं।

सबसे अधिक बेकनगंज बाजार के बाहर ई रिक्शों की अराजकता है, यहां पानी की टंकी के पास दर्जनों ई रिक्शे बाजार के गेट पर ही बीच सड़क पर खड़े रहते हैं जिससे घंटों जाम लगता है। नाला रोड, दलेल पुरवा की ओर से आने वाले सैकड़ों ई रिक्शा रूपम चौराहे पर फंसे रहते हैं। यही हाल रहमानी मार्केट के पास का है। मार्केट के बाहर सैकड़ों की संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन बीच सड़क तक खड़े रहते हैं जिससे भीषण जाम लगता है। चमनगंज से दलेलपुरवा होते हुए चीना पार्क की ओर से दादा मियां चौराहा जाने वाले सैकड़ों ई रिक्शा भी मुसीबत बने हैं। डॉ. बेरी चौराहा से कागजी मोहाल जाने के लिए आपको मशक्कत करना पड़ेगा क्योंकि यहां भी ई रिक्शों की भरमार है। पानी की टंकी के पास कंघी मोहाल जाने वाले रास्ते से यदि कोई बाजार जाना चाहे तो उसे ई रिक्शों को फांदकर ही जाना पड़ेगा। ऐसे ही हलीम कालेज चौराहा से पी रोड जाने के लिए अजमेरी चौराहा, मोहम्मद अली पार्क के पास ई रिक्शे बीच सड़क पर अराजकता करते मिलेंगे। इसी प्रकार मूलगंज चौराहा से लाटूश रोड, इफ्तिखाराबाद, दलेलपुरवा होते हुए चमनगंज आना चाहे तो उसे जाम से जूझना पड़ेगा। बेकनगंज थाने की पुलिस हूटर बजाते हुए जब इन मार्गों पर निकलती है तो ई रिक्शे दायें बायें हो जाते हैं और जैसे ही पुलिस की गाड़ी जाती है, फिर अराजकता शुरु हो जाती है।

# गुरुद्वारा बाबा नामदेव में लगाई गई छबील

**कानपुर।** गुरुद्वारा बाबा नामदेव प्रांगण में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ठंडी छबील वितरण किया गया। 6 जून को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शहीदों को समर्पित स्त्री सत्संग व श्री जपुजी साहिब जी के पाठ व अरदास का उपराला होगा। गुरद्वारे के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने बताया कि छबील वितरण कार्यक्रम कई दिनों तक चलेगा। इस मौके सरदार हरदीप सिंह, गुरदीप सिंह, अशोक अरोड़ा, हरदयाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सीटीआई नहर की गंदगी साफ की

**कानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीटीआई नहर में संत निरंकारी मण्डल की स्थानीय शाखा के सेवादल के भाई बहनों ने प्रोजेक्ट अमृत के तहत सफाई अभियान चलाया। नहर में पड़े टनों प्लास्टिक के ग्लास, प्लेट, कप व अन्य गंदगी को पूरी तरह से साफ कर दिया। निरंकारी मिशन के लगभग 250 सेवादल कार्यकर्ता सफाई काम में जुटे। अभियान का नेतृत्व मोहन छाबड़ा ने किया।

# शहीद करन के अंगों की होगी डीएनए जांच

## राजौरी सेक्टर के दो सैन्य अधिकारी गांव पहुंचे, जांच के लिए परिवार का रक्त का सैंपल लिया गया

संवाददाता, चौबेपुर

**वीर सपूत**

- आतंकी हमले में शहीद हुआ था भाऊपुर का लांस नायक
- पांच माह बाद शरीर के कुछ अंग मिलने पर होगी डीएनए जांच

**अमृत विचार:** जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में तैनात रहे लांस नायक करन सिंह की शहादत के साढ़े पांच माह बाद बुधवार को राजौरी सेक्टर के दो सैन्य अधिकारी भाऊपुर गांव पहुंचे। उन्होंने डीएनए जांच के लिए परिवार के लोगों के रक्त का सैंपल लिया। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक हमले के बाद शहीद के कुछ अंग नहीं मिले थे। अब अंग मिलने के बाद उनकी डीएनए जांच की जाएगी।

क्षेत्र के भाऊपुर गांव निवासी करन सिंह यादव (29) पुत्र बालक जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में आरआर बटालियन 48 में तैनात थे। 21 दिसंबर 2023 को राजौरी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान टोपापीर क्षेत्र के निकट घने जंगल में घात लगाए बैठे आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर हमला कर दिया था। इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे, जिनमें सैन्य वाहन चला रहे करन सिंह यादव भी शामिल थे।


शहीद करन सिंह।

शहीद के शव को उनके गांव लाने में देरी से परिजनों के अलावा गांव के लोगों में रोष पैदा हुआ था। हमले के पांच दिन बाद शहीद के पार्थिव शरीर को गांव लाया गया था, जहां अंतिम दर्शन के बाद राजकीय सम्मान के साथ बिठूर गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया गया था। परिवार के लाल की शहादत को अभी भी घरवाले भूल नहीं सके हैं।


शहीद करन सिंह के परिजनों के साथ सैन्य अधिकारी। अमृत विचार

बुधवार को राजौरी सेक्टर से दो सैन्य अधिकारी भाऊपुर गांव पहुंचे और शहीद के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि हमले के बाद शहीद करन सिंह के शरीर के कुछ अंग नहीं मिल सके थे। इधर बीते दिनों कुछ अंग मिले हैं, जिनका डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। डीएनए टेस्ट के लिए उन्होंने शहीद के पिता बालकराम, मां सावित्री और भाई अरुण के रक्त के सैंपल लिया। नमूने लेने के बाद दोनों सैन्य अधिकारी राजौरी वापस लौट गए। सैन्य अधिकारियों के लौटने के बाद परिवार खामोशी में डूब गया।

**छलछला उठीं आंखें**

जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर के सैन्य अधिकारियों को देखकर शहीद करन सिंह यादव के पिता बालकराम, मां सावित्री और भाई अरुण की आंखें एक बार फिर छलछला आईं। परिजनों की हालत देख सैन्य अधिकारियों की भी आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि करन बेहद मिलनसार व सरल स्वभाव का था। वह जब भी छुट्टी पर गांव आता था, तो सभी से मिलकर ही जाता था। लोग करन सिंह के नाम पर गांव में शहीद स्मारक व पार्क निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## आढ़ती पर कब्जा करने का आरोप

**घाटमपुर।** कस्बे के बसंत विहार निवासी राजकुमार साहू की पत्नी ममता साहू ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह स्थानीय मंडी समिति में एसीपी कार्यालय के नजदीक 30 वर्षों से परचून की दुकान लगा रही है। मंडी समिति का एक आढ़ती उसकी कमजोरी व गरीबों का फायदा उठाकर उसकी दुकान के पीछे कब्जा करने का प्रयास कर रहा है।

पीड़ित महिला का आरोप है कि पैसे और ताकत के बल पर वह दुकान लगाने वाले स्थान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। जब वह अपनी दुकान लगाने पहुंची तो वहां उसने लोडर जबरन खड़ा कर दिया, जिससे पूरे दिन की दुकानदारी और मजदूरी मारी गई। उसने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई। स्थानीय पुलिस ने पीड़ित महिला को मंडी समिति में शिकायत करने की सलाह दी है।

# कार-बाइक की भिड़ंत में युवक की गई जान

संवाददाता, बिल्हौर

- हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल सकरवां के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** ककवन थाना क्षेत्र के सकरवां गांव में बुधवार की दोपहर तेज रफ्तार कार और बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक पर सवार तीन युवकों में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा बुधवार की दोपहर दो बजे हुआ। सकरवां चौराहे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों युवक गिर पड़े और उठ नहीं पाए। थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा के मुताबिक शिवली थाना क्षेत्र के मवैया गांव के रामनरेश पुत्र राजाराम (42), मोनू पुत्र श्रीराम और सोनू राठौर पुत्र हीरालाल बाइक से शिवराजपुर की तरफ जा रहे थे, तभी सकरवां चौराहे पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी गई, जिससे रामनरेश की मौके पर मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए शिवराजपुर सीएचसी भिजवाया गया। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने हादसे के बाद कार को अपने कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए शिवराजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दो पक्षों के बीच चले लाठी डंडे, क्रॉस एफआईआर दर्ज

संवाददाता, घाटमपुर

**अस्पताल में भर्ती**

- हुसगापुर गांव में कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़े
- झगड़े में घायल हुए लोगों को घाटमपुर सीएचसी भेजा गया

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के हुसगापुर गांव में सुबह कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लाठी-डंडों से पीटने का आरोप लगाया है, वहीं दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को मारपीट की तहरीर दी है। मारपीट की इस घटना में दोनों ओर से नौ लोग घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए घाटमपुर सीएचसी भेजा है।

हुसगापुर निवासी रामचंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने खेत से घर लौट रहा था, तभी गांव के अनुराग पुत्र दिवर, विजय पुत्र भगवान, बबलू पुत्र रामप्रकाश, विवेक की पत्नी ने गालीगलौज करते हुए लात-घूसों से मारा-पीटा। बचाने में उनकी पुत्री आशनी के कान में चोट आई है। पुत्री शोभा व सुषमा भी घायल हैं। पुत्री को बचाने पहुंचे पुत्र आशीष, कपिल व विनीता देवी को भी मारा पीटा।

वहीं दूसरे पक्ष से ज्योत्षना गौतम पत्नी विवेक कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 2 जून को पड़ोस के शादी समारोह में कानपुर देहात जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के गौरियापुर से उसका भाई धीरू गौतम आया था। वहां मौजूद आशीष पुत्र रामचंद्र, दिलीप पुत्र प्यारेलाल, रविकांत व जगरूप पुत्र लाल ने भाई को डीजे पर डांस करने के लिए बुलाया। इनकार करने पर उसे बेरहमी से पीटा। इसके बाद मंगलवार को घर के सामने आकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। ननद पूजा बचाने दौड़ी तो उसे भी पीटा। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**दबंगों ने युवक से की मारपीट, थाने में शिकायत**

सजेती निवासी प्रकाश पुत्र हरिनाथ ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह रविवार को अपराह्न दो बजे अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव के आशाबाबू, रामनरेश व संतकुमार गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उसे पीटा। बचाने आई उसकी मां विद्या देवी के साथ भी मारपीट की। सजेती पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में पौधों का भंडारा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में वन विभाग की ओर से पौधरोपण आयोजित किया गया, जिसमें वन क्षेत्राधिकारी ने पौधे लगाए और लोगों से पौधे लगाने का आह्वान किया।

कस्बे के प्राचीन मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय ने पौधरोपण किया। यहां पौधा भंडारा भी आयोजित किया गया और मंदिर में दर्शन करने आए भक्तों को पौधे प्रदान किए गए। लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी राकेश पाण्डेय ने कहा कि वृक्ष एक लाभ अनेक, वृक्ष ही जीवन है।

हम सब मिलकर एक-एक पौधा लगाएं और पर्यावरण को बचाएं। इस दौरान वन दरोगा धीरज तिवारी भी मौजूद रहे।

वहीं ग्राम पंचायत मखौली, डोभा, शाखा जानवारा, बसौरा में ग्राम पंचायत अधिकारी रामनरेश पटेल के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायतों के अमृत सरोवरों में पौधे लगाए गए। इस दौरान ग्राम प्रधान विमल सचान, रामकुमार सैनी, प्रधान प्रतिनिधि अमित दीक्षित, धनविजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में पौधरोपण करते वन क्षेत्राधिकारी राकेश पांडेय।


ककवन क्षेत्र में भी पौधरोपण कर संरक्षण का संदेश दिया गया। अमृत विचार

**चुनाव की थकान में फीका रहा पर्यावरण दिवस**

**बिल्हौर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर चुनावी थकान के चलते कई विभाग पौधे लगाना भूल गए। मतगणना के दूसरे दिन अधिकतर अधिकारी और कर्मचारी चुनाव ड्यूटी की थकान मिटाते रहे, जिससे पूरे बिल्हौर तहसील क्षेत्र में पर्यावरण दिवस फीका-फीका नजर आया। कई विभागों के अधिकारियों ने एक भी पौधा नहीं लगाया। पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था, लेकिन इस वर्ष कुछ भी खास देखने को नहीं मिला।

**ककवन में बीडीओ ने रोपा पौधा**

**बिल्हौर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ककवन बीडीओ शिवनरेश ने गौशाला जाकर पौधा लगाया और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए लोगों को भी प्रेरित किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव संजीव कैथवार, एडीओ पंचायत राजवीर कटियार भी मौजूद रहे। मकनपुर कस्बे में चौकी इंचार्ज राजन मौर्य ने पुलिस कर्मियों के साथ चौकी परिसर में पौधे रोपे, जबकि रेंजर एलके दुबे के साथ वन दरोगा प्रदीप यादव, शुभम दीक्षित ने बिल्हौर रेंज में पौधरोपण किया।

# होर्डिंग्स व बैनर लगाने में भाजपाइयों पर केस

संवाददाता, चौबेपुर

**जांच शुरू**

- परिणाम घोषित होने के पहले बैनर लगाने पर हुई कार्रवाई
- मजिस्ट्रेट की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर, जांच शुरू

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से पहले ही बधाई संदेश लिखे बैनर और होर्डिंग लगवाए जाने को लेकर एफएसटी मजिस्ट्रेट की ओर से भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद 4 जून को मतगणना का परिणाम घोषित होने से पहले ही भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से क्षेत्र में बधाई संदेश लिखे बैनर और होर्डिंग लगवा दी गईं। एफएसटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कस्बे के हनुमान मंदिर के सामने मनोज दिवाकर, उनका मोबाइल नंबर, दिनेश सिंह कुशवाहा, जितेंद्र राजपूत, आलोक यादव, अनुराग शुक्ला व गीता गुप्ता द्वारा बधाई संदेश लिखा बैनर लगा मिला, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

उन्होंने बताया कि बैनर को कब्जे में लिया गया है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में और भी स्थानों पर इस तरह के बैनर लगवाए गए थे। जानकारी होते ही उन्हें तत्काल हटवा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि एफएससी मजिस्ट्रेट की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## स्वतंत्रता सेनानी का कोच डिफेक्ट हादसा टला

**कानपुर।** जयनगर से नई दिल्ली जाने वाली 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस की बी-1 कोच में तकनीकी गड़बड़ी समय से पता चल जाने के चलते हादसा टल गया। रफ्तार में आ रही ट्रेन की स्पीड आधी कर दी गई। कोच में सॉल्यूशन फीवर गड़बड़ होने से 60 की स्पीड से फतेहपुर से कानपुर सेंट्रल लाई गई। कानपुर सेंट्रल में मरम्मत कर करके ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। जयनगर से चलकर बुधवार को कानपुर सेंट्रल आने होली 12561 ससुराल सिमर एक्सप्रेस का को बी-1 में गड़बड़ी फतेहपुर में उस दौरान पता लग गई जब यह ट्रेन वहां से गुजर रही थी। ग्रिल करने में सूचना दी की कुछ जीवन का सॉल्यूशन लीवर गड़बड़ है। जिसके बाद ट्रेन को फतेहपुर से कानपुर तक 60 की स्पीड में लाया गया। मरम्मत के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

# सांझ ढलते ही प्रारंभ हो जाता अवैध खनन

संवाददाता, भीतरगांव

- डंपर के आगे-पीछे चलती हैं चार पहिया लग्जरी गाड़ियां

**अमृत विचार।** साढ़ क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन नहीं रुक रहा है। अवैध खनन के इस खेल में माफिया के साथ ही पुलिस और प्रशासन की साठ-गांठ उजागर हो चुकी है। हालत यह है कि अंधेरा होते ही क्षेत्र में खनन शुरू हो जाता है और पूरी रात मिट्टी से भरे डंपर दौड़ते हैं। जिन लोगों ने खनन की स्वीकृति ले रखी है, वे भी मानकों के विपरीत ज्यादा खनन कर कमाई कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने खनन माफिया पर नकेल कसने को अपने एजेंडा में शामिल किया था, लेकिन साढ़ क्षेत्र में ऐसा कुछ नहीं है। बालू खनन तो फिर भी काबू में है, लेकिन मिट्टी का अवैध खनन लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकारी नियमों के विपरीत साठ-गांठ के खेल से माफिया पूरी रात मिट्टी का खनन करते हैं। इसमें इलाकाई पुलिस की शामिल होती है। अब प्रशासनिक साठ-गांठ भी उजागर हो रही है। माफिया निर्धारित मानक से अधिक खनन करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। इसके पीछे खनन विभाग के साथ राजस्व विभाग की भी भूमिका है।

खनन के बीच और पूरा होने के बाद मौके की जांच करने का जिम्मा इन दोनों विभागों का है, लेकिन कोई भी विभाग जांच नहीं करता है। यही वजह है कि माफिया एक से डेढ़ मीटर के बजाय तीन से छह मीटर गहराई तक खनन करते हैं। तीन माह के लिए मिट्टी भराव के लिए खनन की अनुमति दी गई थी, इसी अनुमति पर ही खनन माफिया खेल कर रहे हैं। ईंटारोरा, बारीगांव आदि में मनमानी खनन किया जा रहा है।

## गैरहाजिर शिक्षामित्रों की जाएगी नौकरी

**कानपुर देहात।** परिषदीय विद्यालयों में लगातार गायब रहने वाले शिक्षामित्रों व अनुदेशकों पर सख्ती शुरू की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हर माह परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कराया जा रहा है। विभाग ने लगातार तीन बार अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षामित्र व अनुदेशकों की सेवा समाप्ति की चेतावनी दी है।

जनवरी से मार्च के बीच किए गए स्थलीय निरीक्षण में पाया है कि कई जिलों के शिक्षक, शिक्षामित्र, अंशकालिक अनुदेशक व अनुचार तीन-तीन बार लगातार अनुपस्थित पाए गए हैं। इन्हें चेतावनी नोटिस जारी करने के बाद अब कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने संबंधित जिलाधिकारियों को इनकी सूची भेजते हुए कहा है कि शिक्षामित्र व अनुदेशक संविदा पर कार्यरत हैं। इनकी संविदा 31 मई को खुद समाप्त हो जाती है।

**समर्थकों में खुशी** वर्ष 2004 और 2009 में बसपा से जीते थे चुनाव, वर्ष 2014 में हारे, फिर 2019 में भाजपा से बने सांसद

# मिश्रिख संसदीय क्षेत्र से चौथी बार सांसद बने अशोक रावत

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की कड़ी टक्कर के बाद आखिर भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत चौथी बार सांसद बन गए। 2019 में भी वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते थे, जबकि वर्ष 2004 और 2009 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 2014 में बसपा से चुनाव हारने के बाद इन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था।

मिश्रिख संसदीय सीट में शामिल बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के दौरान लगातार इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी ने टक्कर दी, जिसमें भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत ने बाजी मारी। भाजपा प्रत्याशी को कुल 1,12,136 वोट मिले, जबकि सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी को 95,277 मत मिले। बसपा से चुनाव मैदान पर उतरे सेवानिवृत्त डीएफओ बीआर अहिरवार को 24,755 वोट मिले।

इस बार के लोकसभा चुनाव में बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के 1,558 लोगों ने नोटा का प्रयोग किया। निर्दलीय प्रत्याशी ललित कुमार को 939, वंदना शर्मा को 268, सावित्री देवी 234, अवधेश को 280, नीलम सिंह को 463 और राम पाल को 771 वोट मिले। लगातार कई राउंड तक बढ़त बनाने के बाद भाजपा के अशोक रावत ने सपा की संगीता राजवंशी को 16,859 वोटों से हराया। हालांकि भाजपा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।


भाजपा प्रत्याशी की जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। अमृत विचार


भाजपा समर्थकों ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। अमृत विचार

**रावत की जीत पर बांटी गई मिठाई**

बिल्हौर। मिश्रिख संसदीय सीट में शामिल बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत पर जश्न मनाया गया। लगातार दूसरी मर्तबा जीत पर समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। जीत के बाद पूरे बिल्हौर क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर भाजपा समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया। भाजपा के चुनाव संयोजक जेपी कटियार की अगुवाई में भाजपाईयों ने जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने ढोल-नगाड़े भी बजवाए। इस मौके पर भाजपा के रवि बाजपेयी, शुभ्रांशु कटियार, विक्रम मिश्रा, शुशांक मिश्रा, मोनू सिंह तोमर, नील कमल सिंह, विजय तोमर, अरुण कुमार, अनिल यादव, मिंटू राठौर आदि शामिल रहे। ककवन में ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने समर्थकों के साथ सांसद अशोक रावत की जीत पर मिठाई बांटी। भाजपा के पूर्व पदाधिकारी अतीश सिंह, पिंकू मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह ने भी मिठाई बांट कर जश्न मनाया। भारतीय जनता पार्टी की जीत पर बिल्हौर और ककवन क्षेत्र में जगह-जगह खुशी मनाते हुए जनादेश का स्वागत किया गया।

## सार-संक्षेप


घाटमपुर विधायक सरोज कुरील को मिठाई खिलातीं समर्थक। अमृत विचार

**विधायक के आवास पर बांटी मिठाई**

**घाटमपुर।** विधायक सरोज कुरील के आवास पर अपना दल यस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। विधायक सरोज कुरील ने मिर्जापुर क्षेत्र में एक सप्ताह तक डेरा डाल कर मेहनत की थी। मिर्जापुर संसदीय क्षेत्र में दलित, अति पिछड़ा वोट को संगठित करने में पार्टी सफल हुई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी, राजवीर सैनी, अंकुर मिश्रा आदि मौजूद रहे।



विकास प्रदर्शनी की शुरुआत करते मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

**घाटमपुर में विकास प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन**

**घाटमपुर।** कस्बे में पंडित दीनदयाल एकता विकास प्रदर्शनी एवं मेला का उद्घाटन बुधवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किया। इस दौरान मंत्री राकेश सचान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विकास व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यहां रजनीश सचान, प्रियम ठाकुर, विपिन कुमार द्विवेदी उर्फ लालू, हलीम, रामऔतार सचान, सुभाष सचान, वेदांत पांडेय, वरुण सचान, शुभम निगम, जीतू सचान, संगम ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

**जनता दल यू के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न**

**घाटमपुर।** जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं ने बिहार में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन पर जश्न मनाया और मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि सचान कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भारतीय राजनीति में पार्टी का कद ऊंचा हुआ है। बुधवार को कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के गले मिलकर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर नीलकमल सविता, सिद्ध गोपाल वर्मा, सतीश प्रधान, हरिश्चंद्र संखवार, रामप्रकाश, विवेक सचान, जीतू चौरसिया, राम खिलावन आदि लोग मौजूद रहे।

**केबल बॉक्स फुंकने से रूरा कस्बे की बिजली गुल**

**कानपुर देहात।** रूरा नगर पंचायत स्थित सोम डेयरी के पास बुधवार शाम को 11 केवी का केबल बॉक्स भीषण गर्मी व ओवरलोडिंग के चलते फुंक गया। जिसके चलते नगर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एसडीओ रूरा ने बताया कि केबल बॉक्स डैमेज होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। नया केबल बॉक्स मंगाकर लगवाया जा रहा है। करीब दो घंटे बाद बिजली आपूर्ति फिर से बहाल होने की संभावना है।

## एक नजर

### इग्नू की सत्रांत परीक्षा सात जून से शुरू होगी

**पुखरायां।** रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. पर्वत सिंह ने बताया कि इग्नू की परीक्षाएं आगामी 7 जून से प्रारंभ हो रही है। सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थी इग्नू की वेबसाइट से डाउनलोड किया हुआ हॉल टिकट एवं आई कार्ड लेकर परीक्षा केंद्र में पहुंचेंगे। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच आदि परीक्षा कक्ष के अंदर लाना पूर्णतया वर्जित है।

### मारपीट में आरोपी पर केस

**रूरा।** चिलौली गांव निवासी इशू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह चिलौली चौराहे पर एक परचून की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही पंकज दूबे वहां आ गया। आरोप है कि पंकज ने पीड़ित के साथ अकारण मारपीट शुरु कर दी। मारपीट की घटना परचून की दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। एसओ शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पोल्ट्री फार्म जा रहे युवक को पीटा, केस दर्ज

**रूरा।** सरगांव निवासी निजाम अली ने पुलिस को बताया कि वह बीते मंगलवार को रात करीब ग्यारह बजे अपने घर के पास बने पोल्ट्री फार्म जा रहा था। तभी गांव के बाहर लहरापुर गांव निवासी अमित और विकास ने रोक कर पुरानी खुन्नस के चलते उससे मारपीट कर दी। जिससे वह लहूलुहान हो गया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### समस्या निराकरण के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया

**कानपुर देहात।** सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि जनपद में गौशालाओं व निराश्रित गोवंशों के संरक्षण, सिंचाई व बिजली समस्या, बीज और खाद वितरण, पेयजल से संबंधित शिकायत एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका मोबाइल नंबर 7068185751 है। इस टोल फ्री नंबर पर लोग अपनी शिकायतें एवं सुझाव सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक दर्ज कर सकते हैं। संबंधित विभाग की प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए 24 घंटे के अंतराल में कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर डींघ बंबा के समीप करीब 35 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। चौकी इंचार्ज ने बताया कि किसी तरह का कोई आईडी प्रूफ नहीं मिला है। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। मृतक युवक नेपाली प्रतीत हो रहा है। शव का पंचनामा भरकर मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

### गश खाकर गिरी महिला

**पुखरायां।** न्यायालय में महिला गश खाकर गिर गई। अहरौली शेख गांव निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उसकी बेटी शालिनी पत्नी मान सिंह (22) साथ में नगर पालिका रोड न्यायालय में तारीख के लिए आई हुई थी। जहां पर गर्मी के कारण अचानक महिला गश खाकर गिर गई। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस को सूचना मिलने पर अर्द्धबेहोशी हालत में सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार हुआ।

# जिले में नहीं चला मंत्री-विधायकों का जादू

## चार विधानसभाओं में एक कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक विधायक, फिर भी तीन में सपा का उम्दा प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।


कैबिनेट मंत्री राकेश सचान।


राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह।


रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार।

- सिर्फ सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र में मामूली बढ़त बना सकी भारतीय जनता पार्टी

**अमृत विचार।** पिछले विधानसभा चुनाव में जिले की चारो विधानसभा सीटों पर सपा व कांग्रेस को हराने वाले भाजपा के एक कैबिनेट मंत्री, दो राज्यमंत्री व एक विधायक मौजूदा लोकसभा चुनाव में सियासी गणित नहीं बैठा सके, जबकि लोकसभा चुनाव जिताने की जिम्मेदारी इन्हीं की थी। मतगणना के तीन विधानसभाओं में सपा आगे रही तो सिकंदरा में भाजपा को मामूली बढ़त ही मिल सकी।

जनपद की चार विधानसभाएं इटावा, जालौन-गरौठा, कन्नौज व अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं। मौजूदा समय में भोगनीपुर से विधायक मंत्री राकेश सचान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। जबकि अकबरपुर-रनियां विधायक प्रतिभा शुक्ला प्रदेश सरकार में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री व सिकंदरा विधायक अजरत पाल सिंह प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री हैं।

वहीं रसूलाबाद से भाजपा की पूनम संखवार विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में चारो विधानसभाओं में जीत के लिए इनकी प्रतिष्ठा दांव पर थी। वहीं आलाकमान से भी स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि लोकसभा चुनाव में विधायकों की अहम भूमिका होगी। वहीं पिछले दो विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सपा, बसपा व कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी।

लेकिन मौजूदा लोकसभा चुनाव में स्थिति ठीक उलट निकली और भाजपा सरकार के मंत्री और विधायक अपनी साख को नहीं बचा पाए। जिसके चलते वोटरों ने भाजपा प्रत्याशियों को खासी तवज्जो नहीं दी। जिससे चार लोकसभा सीटों से जुड़ी तीन विधासभाओं में भाजपा प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर सके। वहीं सिकंदरा विधानसभा में भी जीत-हार का अंतर मामूली रहा।

# मतगणना का छाया खुमार कार्यालयों में रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कार्यालयों में खुमारी उतारते नजर आए अफसर व कर्मी

**अमृत विचार।** मतगणना के दूसरे कलेक्ट्रेट से लेकर विकास भवन में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि कुछ कार्यालयों में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद मिले। जहां लोकसभा चुनाव में आए बहुमत व कई सीटों पर हुए फेरबदल हो लेकर चर्चा होती रही। अधिकारी व कर्मचारी देर रात तक मतगणना स्थल पर रहे और दूसरे दिन खुमारी उतारते नजर आए।

चार जून को लोकसभा चुनाव की अकबरपुर डिग्री कालेज में मतगणना की गई। जिसमे काफी संख्या में अधिकारियों समेत कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई थी। देन रात चली मतगणना के कारण दूसरे दिन अधिकतर अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में देरी से पहुंचे। इसके अलावा अधिकतर कार्यालयों के बाहर भले की कर्मचारी मौजूद रहे, लेकिन अधिकारी इक्का-दुक्का ही दफ्तरों में देखने को मिले। वहीं विकास भवन में दोपहर तक सन्नाटा पसरा रहा। इसके बाद ही कुछ अधिकारी अपने कार्यालयों में पहुंचे। इसी तरह का नजारा कलेक्ट्रेट में भी देखने को मिला। यहां भी दो-चार कार्यालय में ही अधिकारी पहुंचे। दोनों जगह मतगणना के दूसरे दिन का असर देखने को मिला।

# महिला, युवक को हैलट में मिली 'जिंदगी'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला के गले में खाने वाली नली आंत से जोड़ी
- युवक के पेट से निकाला पांच किलो का ट्यूमर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल के सर्जरी विभाग में दो मरीजों का जटिल ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने उनका जीवन बचा लिया। खाने की नली पेट की आंत से जोड़कर 40 वर्षीय महिला और लिवर से जुड़े पांच किलो का ट्यूमर पेट से निकालकर 24 वर्षीय युवक को नया जीवन दान दिया। दोनों मरीज समस्या के चलते कुछ भी खा पाने में असमर्थ थे।

उन्नाव के फतेहपुर चौरासी निवासी 40 महिला ने करीब दो माह पहले किसी कारण एसिड पी लिया था, जिसकी वजह से महिला का गला और पेट की थैली सिकुड़ गई थी, जिस वजह से महिला को कुछ भी बोलने और खाने व पीने में काफी समस्या होती थी। परिजनों ने महिला को हैलट के सर्जरी विभाग में गैस्ट्रो सर्जन डॉ.आरके जौहरी को दिखाया। उन्होंने महिला को अपने अंडर में भर्ती कर जांच कराई। इसके बाद उन्होंने बुधवार को टीम के साथ ऑपरेशन किया।

इधर, उन्नाव के बिगाहीपुर निवासी 24 वर्षीय युवक का भी जटिल ऑपरेशन किया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि एसिड का सेवन करने से महिला के पेट की थैली काफी सिकुड़ गई थी। डॉ.आरके जौहरी ने टीम में शामिल डॉ.रजत गुप्ता, डॉ.शुभम चौबे, डॉ.सुमित सिंह, डॉ.सौम्या सिंह और एनेस्थीसिया विभाग के डॉ.अपूर्व अग्रवाल, डॉ.पारूल, डॉ.उमेश व डॉ.मनीषा के साथ मिलकर महिला का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद महिला के खाने की नली पेट की आंत से जोड़ी और साथ ही अन्य जटिलताओं को भी टीम ने दूर किया।

वही, युवक के पेट से पांच किलो का ट्यूमर निकाला, जो लिवर से एकदम जुड़ा हुआ था। युवक इस समस्या से करीब दो साल से परेशान था। इस कारण उसे पेट में भारीपन, भूख न लगना और कुछ भी खाने पर उल्टी होना आदि समस्या हो रही थी। ऑपरेशन के बाद दोनों मरीज स्वस्थ्य है और दोनों मरीज आयुष्मान कार्ड धारक भी है।

# छात्र अनुपात में जुलाई से पहले ही समायोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट होगी शिक्षकों की नियुक्ति जानकारी

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों का जिले के अंदर समायोजन जुलाई से पहले किया जाएगा। जिन परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या कम है, वहां पर अध्यापकों का समायोजन होगा।

जहां पर छात्रों की तुलना में इनकी संख्या अधिक है। उन्हें दूसरे विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। छात्रों के साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी पूरी जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। शिक्षकों का समायोजन नगर क्षेत्र के स्कूलों में नहीं होगा। जनपद के कई ऐसे विद्यालय हैं, जो एक शिक्षक या शिक्षामित्रों के ही सहारे चल रहे हैं।

प्रदेश शासन ने शिक्षकों को जिले के अंदर समायोजित करने का निर्देश दिया है। जिससे सभी विद्यालयों में शिक्षक-छात्रों का अनुपात ठीक किया जा सके। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने अभी से प्रक्रिया शुरू कर दी है। देखा जाए तो सबसे अधिक शिक्षकों की जरूरत ग्रामीण क्षेत्र के पिछड़े विकासखंडों के स्कूलों को है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शिक्षकों का बच्चों के अनुपात में समायोजन किया जाएगा।

# सड़क हादसों में चार लोग घायल, दो गंभीर

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

अहरौली शेख गांव निवासी फैज ने बताया कि उसकी भतीजा लकी (18) और अमरौधा के तारिक (20) बाइक में सवार होकर अकबरपुर किसी कार्य के लिए जा रहे थे। तभी मावर गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से सवार दोनों घायल हो गए। वहीं करियापुर गांव के कल्लू तिवारी (50) और इंद्र कुमार (45) बाइक में सवार होकर अमरौधा से पुखरायां जा रहे थे, तभी पिपरी गांव के पास हाईवे पर बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए। लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद लकी व तारिक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बैट्री रिक्शा पलटने से युवक घायल, सीएचसी से रेफर

**पुखरायां।** चांदापुर के दिलीप कुमार ने बताया कि उसका भाई प्रदीप कुमार (22) गांव से बैट्री रिक्शा में सवार होकर भोगनीपुर आ रहे थे। भोगनीपुर के पास अचानक बैट्री रिक्शा अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट जाने से वह घायल हो गया। लोग सीएचसी ले गए, जहां पर ड्यूटी में तैनात डॉ राजवीर सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### ट्रक की टक्कर से कार पलटी, तीन घायल

**पुखरायां।** लखनऊ के थाना आशियाना के प्रियंका खन्ना पत्नी बिपिन खन्ना ने बताया कि वह अपने लड़के आदित्य खन्ना (20) और लड़की गुंजन (11) के साथ कार से झांसी जा रही थी, तभी भोगनीपुर क्षेत्र में हाईवे पर रिलायंस पंप के पास ट्रक ने पीछे से कार में टक्कर मार दी, जिससे कार पलट गई। तीनों लोग घायल हो गए। हाईवे पेट्रोलिंग के कर्मचारी उन्हें सीएचसी ले गए, जहां डॉ. राजवीर सिंह ने उनका उपचार किया।


आकाश एजुकेशनल के विद्यार्थी खुशी मनाते हुए। अमृत विचार

# '9 छात्रों ने हासिल किए 700 प्लस अंक'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लि. के 9 छात्रों ने 700 प्लस अंक हासिल कर नाम रोशन किया है। यह दावा क्षेत्रीय निदेशक एच.आर. राव ने किया। उनका दावा है कि एईएसएल कानपुर के 108 छात्रों ने नीट 2024 में 600 और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है। उनका दावा है कि एईएसएल की छात्रा संस्थिता बिस्वास ने 710 अंक प्राप्त करके एआईआर 377 रैंक, लव शुक्ला ने 706 अंक प्राप्त करके एआईआर 802 रैंक, वैभव मिश्रा ने 705 अंक प्राप्त करके एआईआर 1007 रैंक, देवेश सिंह ने 705 अंक प्राप्त करके एआईआर 1024 रैंक, नयनी जायसवाल ने 705 अंक प्राप्त करके एआईआर 1329 रैंक, अभिनव शुक्ला ने 701 अंक प्राप्त करके एआईआर 1593 रैंक, शम्भवी ने 700 अंक प्राप्त करके एआईआर 2,281 रैंक, आयुश सिंह ने 700 अंक प्राप्त करके एआईआर 2107 रैंक की और दिव्या सिंह (डीएलपी) ने 715 अंक प्राप्त करके एआईआर 148 रैंक प्राप्त की है।

छात्रों ने नीट जिसे विश्व स्तर पर कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है की तैयारी के लिए एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में दाखिला लिया। छात्रों ने कहा, हम आभारी हैं कि आकाश ने हमारी मदद की। एईएसएल की सामग्री तथा कोचिंग के बिना, हम कम समय में विभिन्न विषयों की कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते।

## सार-संक्षेप


जनपद न्यायालय परिसर में पौधरोपण करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

### जिला जज ने कचहरी में रोपा आंवला का पौधा

**कानपुर देहात।** जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जनपद न्यायाधीश ने ऑवला का पौधा लगाया। साथ ही प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष व सचिव ने भी पौधरोपण किया। इसके अतिरिक्त आगामी राष्ट्रीय 13 जुलाई को होने वाली लोक अदालत के संबंध में बैठक की गई। इसमें एलडीएम व अन्य बैंक अधिकारियों से अधिकाधिक वादों का निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। बाद में अपर जिला जज ने जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों के वाद संबंधी जानकारियां ली।


पौधरोपण करती बीएसए रिद्धी पांडेय। अमृत विचार

### पौधरोपण कर बीएसए ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**कानपुर देहात।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीएसए रिद्धी पांडेय ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय व ब्लॉक संसाधन केंद्र अकबरपुर में किया। उन्होंने वट का पौधा लगाते हुए कार्यालय के सभी लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इसी तर्ज पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अकबरपुर परिसर में बीईओ मनोज कुमार सिंह ने कार्मिकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का पर्व मनाते हुए परिसर में वट, आम व अन्य औषधि पौधों को रोपति किया। कहा कि पर्यावरण दिवस पर सभी लोगों को एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लेने की जरूरत है। आज के समय में तेजी से जंगल कट रहे हैं और पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो पा रही है। इससे गर्मी भी विकराल रूप धारण कर रही है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक एमडीएम देशवीर, एआरपी नवजोत सिंह, वरिष्ठ सहायक प्रदीप सिंह, अजय शर्मा, हेमंत कुमार, सत्य प्रकाश, दया किशोर, प्रदीप प्रजापति, ज्ञान सिंह चड्ढा, सुधांशू मिश्रा, मोहित कुमार, रामेंद्र कुमार, शिल्पी रावत आदि रहे।


लोगों को ठंडा शर्बत वितरित करते थाना प्रभारी व पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### रूरा पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**रूरा।** लगातार बढ़ते तापमान से लोगों का बुरा हाल है। दोपहर में गर्म लू के थपेड़ों ने राहगीरों को बेहाल कर दिया है। ऐसे में लोगों को राहत देने के लिए रूरा थाना पुलिस ने ठंडे शर्बत का वितरण किया। गर्मी से राहत देने के लिए बुधवार को रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह व इंस्पेक्टर क्राइम सुरजीत सिंह ने शिव मंदिर के पास सुबह से ही राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरित किया। राहगीरों ने पुलिस के कार्य की सरहाना की। इस मौके पर उप निरीक्षक राजेश यादव, कस्बा प्रभारी राकेश सिंह, कांस्टेबल विवेक, पुष्पेंद्र, मानेराम, रविशंकर, शर्वजीत, राम मनोहर शर्मा आदि रहे।

### योग का उद्देश्य प्रसन्न एवं सहज रहना

**कानपुर।** प्रसन्नता से प्रसन्नता और मुस्कुराने से मुस्कुराने की प्रतिक्रिया स्वतः उत्पन्न होती है। सामान्यतः हमारा मन नकारात्मक वृत्तियों को मजबूती से पकड़ता है जबकि सकारात्मक वृत्तियों के लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है। योग का उद्देश्य प्रसन्न एवं सहज रहना है। यह बात करन अरोड़ा, संकाय सदस्य, आर्ट आफ लिविंग ने कही। बुधवार को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में 'योगोत्सव पखवाड़े' के उद्घाटन कार्यक्रम में वह बतौर मुख्य वक्ता श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डेस्कटॉप योगा और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास भी कराया। अध्यक्षता करते हुए सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि योग को नियमित तौर पर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिये। फाइन आर्ट्स विभाग के शिक्षकों और आप सभी योगाचार्यों से यह अनुरोध करते हैं कि विश्वविद्यालय में योग पार्क विकसित किया जाये। विशिष्ट अतिथि आयुर्वेदाचार्य, डा. वन्दना पाठक ने कहा कि इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिये योग है। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार, देवेश अवस्थी, आई.एम. रोहतगी, गोविन्द विहारी, वेद प्रकाश शर्मा, उषा शर्मा, पी.सी. अग्निहोत्री, निमिषा सिंह कुशवाहा डा. राम किशोर, डा. श्रवण कुमार सिंह यादव, सुश्री सोनाली धनवानी आदि मौजूद रहे।

### कोर्ट के आदेश पर 5 के खिलाफ लूट की रिपोर्ट

**रूरा।** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध जान से मारने की धमकी व लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज की है। रूरा थाना क्षेत्र के बंशी निवादा गांव निवासी राजेंद्र बाबू कुशवाहा ने पूर्व में न्यायालय में शिकायती पत्र दिया था कि उनका भतीजा अजय बाबू गांव में ही जनसेवा केंद्र व बैंक ऑफ बड़ौदा की मिनी ब्रांच भी संचालित करता है। पिछले साल 20 मार्च की रात वह दुकान बंद करके अजय बाबू का बैग लेकर बाहर खड़ा था। तभी गांव के ही शिवदत्त, रामजी व रामू कुशवाहा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ गोलबंद होकर चौपहिया वाहन से आए और उसका बैग छीन ले गए। बैग में 93600 रुपये व जरूरी कागजात भी थे।

**विश्व पर्यावरण दिवस** — डीएम और सीडीओ ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया पौधरोपण, गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

# 30 गांवों के नदी-तालाबों में नहीं जाएगा दूषित पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण के बाद पानी देते डीएम आलोक सिंह, साथ में सीडीओ।


गोष्ठी में पर्यावरण के संरक्षण पर चर्चा की गई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम, सीडीओ व डीएफओ ने पौधरोपण किया। इसके बाद वन विभाग की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जन-जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जानकारी दी गई।

बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएम आलोक सिंह, सीडीओ लक्ष्मी एन. व डीएफओ एके द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया। इसके बाद गोष्ठी में बिगड़ते पर्यावरण और दुष्परिणामों पर आम लोगों को जागरूक बनाने व इस वर्ष के थीम भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने को किए जाने वाले प्रयास पर चर्चा की गई।

डीएफओ ने कहा कि मानव अस्तित्व के लिए यह आवश्यक हो गया है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं आगे आकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे, जिससे वनों की रक्षा व उनका मरुस्थलीकरण एवं भूमि को बंजर होने से रोका जा सके। इन सभी का एक ही उपाय है कि विभिन्न अवसरों पर हम अपने आस-पास अधिक से पौधे लगाएं।

सीडीओ ने कहा कि सभी लोग वर्षाकाल के दौरान पौधरोपण अवश्य करें। उन्होंने निजी विद्यालयों के संचालकों से भी यह अपील की वह अपने आसपास के किसी एक गांव को गोद लेते हुए पौधरोपण व अन्य पर्यावरण संरक्षण में विशेष प्रयास करें। उन्होंने बताया कि लगभग 30 गांवों में इस वर्षाकाल में दूषित जल किसी तालाब व नदियों में नहीं जाएगा। आने वाले समय में लगभग 300 गांवों में कार्ययोजना बनाकर 'कैच द रेन' अवधारणा को फलीभूत कराया जाएगा।

सीडीओ ने सभी उपस्थित अधिकारियों व छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस मौके पर आईआईए चेयरमैन रोहित बृजपुरिया दीपिका सेंगर, पर्यावरण सदस्य नवीन दीक्षित, जिला उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद स्वजन फाउंडेशन के मनोज कुशवाहा, क्षेत्रीय वन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, स्वामीदीन, सुरेंद्र नाथ सिंह, इस्तखार अहमद, पीडी विवेक कुमार सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

संवाददाता, रूरा


पौधरोपण करते रूरा स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार व ज्ञानेंद्र पांडेय।


सधवापुर में पौधरोपण करते ग्राम प्रधान।

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलवे स्टेशन पर पौधे रोपने के साथ ग्रीन सेल्फी प्वॉइंट का उद्घाटन किया गया। सात दिवसीय विश्व पर्यावरण कार्यक्रम के तहत रूरा रेल कर्मचारियों द्वारा स्टेशन पर पर्यावरण, जल व पक्षी संरक्षण को लेकर वॉल पेंटिंग, सुलेख व स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार, स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय, राघवेंद्र प्रताप, डॉ अर्चना मिश्रा, यमुना अग्निहोत्री सेतु निगम आदि लोगों ने स्टेशन व रेल कॉलोलियों में छाया व फलदार पौधे रोपित किए। वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में आस्था मिश्रा ने प्रथम, अदिति शुक्ला ने द्वितीय और प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख में प्रियंका ने प्रथम, अमन गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विशिष्ट वर्ग में नवीन दीक्षित, डॉ अर्चना मिश्रा, कंचन, कामिनी, विनय शुक्ला को स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता में सहयोग के लिए चुना गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राम जी गुप्ता ने रेल कर्मचारियों के प्रयास की प्रशंसा की। बच्चों से पर्यावरण अनुकूल पेड़ लगाने, जल बचाने, स्वच्छता, पक्षियों के संरक्षण और दाना-पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित। कार्यक्रम में रेल कर्मचारी प्रदीप शर्मा, ध्यान सिंह, सुनील कश्यप उपस्थित रहे।

### 'सांसें हो रहीं कम, आओ पौधे लगाएं हम'

**संदलपुर।** ग्राम पंचायत सधवापुर में प्रधान जसवंत सिंह ने सांसें हो रही कम-आओ पेड़ लगाएं हम कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पौधारोपण करने पर जोर दिया गया। ग्राम प्रधान ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान जो प्रदूषण रहित वातावरण हुआ है, उसे पौधरोपण करके सुरक्षित रखें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरुकता लाना है।

